




बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) मे एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 10 मई 2026 | दिन - रविवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 102 | मूल्य - 5 रुपये









## ईडी ने किया पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा को गिरफ्तार

**नयी दिल्ली/चंडीगढ़, (भाषा)।**

प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा को गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी उनसे संबंधित कुछ संस्थाओं में कथित तौर पर 100 करोड़ रुपये की जीएसटी धोखाधड़ी से संबंधित धनशोधन मामले में छापेमारी के बाद की गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने ईडी की कार्रवाई की निंदा करते हुए केंद्र पर विपक्षी नेताओं को डराकर भाजपा में शामिल होने के लिए मजबूर करने के लिए ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों को ÷हथियार÷ के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। वहीं भाजपा ने पलटवार करते हुए कहा कि आप सुप्रीमो और उनकी पार्टी घबराई हुई है क्योंकि वे जानते हैं कि ÷पंजाब में उनके दिन गिने-चुने हैं। अधिकारियों का दावा है कि 62 वर्षीय अरोड़ा जांच में ÷सहयोग नहीं÷ कर रहे थे। अरोड़ा को शनिवार को स्थानीय अदालत में पेश किए जाने की संभावना है, जहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) विस्तृत पूछताछ के लिए उनकी हिरासत की मांग करेगा।

अधिकारियों ने बताया कि उन्हें दिल्ली लाया जाएगा, जहां मामला दर्ज है और एजेंसी पूछताछ के लिए उनकी हिरासत की मांग करेगी। मंत्री बनने के एक साल से भी कम समय में, अरोड़ा पंजाब में आप सरकार के एक अहम सदस्य के तौर पर उभरे। ईडी ने इस कार्रवाई के तहत उत्तर भारत में पांच परिसर पर छापेमारी की। छापेमारी में दिल्ली के दो परिसर और गुरुग्राम के उद्योग विहार में स्थित हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड नामक कंपनी का परिसर भी शामिल था। अधिकारियों के अनुसार, केंद्रीय एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत नया मामला दर्ज करने के बाद ये छापेमारी शुरू की।



ईडी ने 17 अप्रैल को विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा) के दीवानी प्रावधानों के तहत अरोड़ा और उनसे जुड़ी इकाइयों के परिसरों पर छापे मारे थे। अधिकारियों ने बताया कि इस कार्रवाई के तहत एजेंसी ने 19 अप्रैल को हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड, उसके निदेशक संजीव अरोड़ा और उनसे जुड़ी इकाइयों की चल एवं अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क की थीं। उन पर फर्जी बिक्री और निर्यात के जरिए विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा) का उल्लंघन करके 157.12 करोड़ रुपये की हेराफेरी करने का आरोप है। अरोड़ा (62) लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट से विधायक हैं।

ईडी के अनुसार, धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत ताजा जांच 100 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मोबाइल फोन की ''फर्जी'' जीएसटी (माल एवं सेवा कर) खरीद और उसके बाद निर्यात के जरिये कथित अवैध धन को दुबई से भारत वापस लाने से जुड़ी है। आरोप है कि फर्जी 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' (आईटीसी) का दावा करने के लिए दिल्ली की ''अस्तित्वहीन'' कंपनियों से जीएसटी खरीद के कई फर्जी बिल प्राप्त किए गए। अरोड़ा ने अप्रैल में छापेमारी के बाद कहा था कि वह जांच एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग करेंगे और उन्हें विश्वास है कि सच्चाई की जीत होगी। 'आप' ने इन छापों को राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताया है। पार्टी का आरोप है कि पंजाब में अगले साल की शुरुआत में होने वाले चुनावों से पहले भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के इशारे पर यह कार्रवाई की गई है। अरोड़ा के खिलाफधनशोधन के एक पुराने मामले में भी पहले से जांच जारी है। इस मामले में ईडी ने 2024 में उनके परिसरों पर छापे मारे थे। उस समय उन पर और उनके सहयोगियों पर आवासीय परियोजनाओं के लिए औद्योगिक भूमि के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया था। उस समय अरोड़ा राज्यसभा सदस्य थे।

## तमिलनाडु में टीवीके प्रमुख विजय आज लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

चेन्नई, (भाषा)।

***तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने शनिवार को टीवीके प्रमुख विजय को राज्य का नया मुख्यमंत्री नियुक्त किया, जो रविवार को शपथ लेंगे। लोकभवन ने यह जानकारी दी।***




लोकभवन से प्राप्त जानकारी के अनुसार शपथ ग्रहण रविवार को सुबह 10 बजे चेन्नई के नेहरू स्टेडियम में होगा। राज्यपाल आर्लेकर ने विजय को 13 मई या उससे पहले तक विश्वास मत हासिल करने का समय दिया। विजय ने राज्यपाल आर्लेकर से मुलाकात कर उन्हें वीसीके (विदुथलाई चिरूथईगल काची) और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) से मिला समर्थन पत्र सौंपा जिसके बाद राज्यपाल ने उन्हें मुख्यमंत्री नियुक्त किया। वीसीके और आईयूएमएल के पास दो-दो सीट हैं। राज्यपाल ने आवश्यक समर्थन को लेकर विजय से करीब एक घंटे तक बातचीत की। दोनों पार्टियों के समर्थन को मिलाकर तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) की सीट की संख्या अब 234 सदस्यीय विधानसभा में 120 हो गई है। लोकभवन की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, संविधान के प्रावधानों के तहत राज्यपाल आर्लेकर ने विजय को मुख्यमंत्री नियुक्त किया है। राज्यपाल ने विजय को मंत्रिमंडल के गठन के लिए भी आमंत्रित किया है।

इसके अलावा, आर्लेकर ने विजय को 13 मई या उससे पहले विश्वास मत हासिल करने का समय दिया। विजय ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के. सेल्वपेरुंथगई और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राज्य सचिव पी. षणमुगम सहित सहयोगी दलों के नेताओं के साथ राज्यपाल से मुलाकात की। टीवीके के संस्थापक नेता ने राज्यपाल से उन्हें सरकार बनाने के लिए औपचारिक रूप से आमंत्रित करने का आग्रह किया था। विजय चौथी बार लोकभवन में राज्यपाल से मिलने पहुंचे थे। इस बीच, टीवीके कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में पटाखे फोड़े, मिठाइयां बांटीं और बड़ी संख्या में इकट्ठा होकर जश्न मनाया।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने एन. रंगासामी को पुडुचेरी का मुख्यमंत्री नियुक्त किया

पुडुचेरी, (भाषा)।

***राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को एन. रंगासामी को पुडुचेरी का मुख्यमंत्री नियुक्त किया। सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गयी। गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक, राष्ट्रपति को एन. रंगासामी को पुडुचेरी केंद्र शासित प्रदेश का***



मुख्यमंत्री नियुक्त करके प्रसन्नता हुई, यह नियुक्ति उनके शपथ ग्रहण की तिथि से प्रभावी होगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, अधिसूचना के बाद उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन ने रंगासामी को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया। रंगासामी 13 मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। केंद्र शासित प्रदेश में नौ अप्रैल को हुए चुनाव में ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की शानदार जीत के बाद रंगासामी 5 वीं बार मुख्यमंत्री का पद संभालने के लिए तैयार हैं।

चुनाव परिणाम चार मई को घोषित किए गए। ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस ने 16 में से 12 सीट पर जीत हासिल की, जबकि भाजपा ने 10 में से चार सीट पर जीत दर्ज की। राजग के अन्य घटक दलों, अन्नाद्रमुक और लाचिया जननायगा काची ने एक-एक सीट पर जीत हासिल की। पुडुचेरी की 30 सदस्यीय विधानसभा में राजग की कुल सीट 18 हो गईं। इसके अलावा, तीन मनोनीत सदस्य भी होंगे। विपक्षी द्रमुक ने पांच और कांग्रेस ने एक सीट पर जीत हासिल की। नवगठित तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) ने दो सीट पर जीत दर्ज की।











दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101


जग प्रेरणा
# जिला सिवनी

● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# नगर पालिका परिषद सिवनी के कार्यकारी अध्यक्ष का 1 वर्षीय कार्यकाल जीरो : राजिक





जगप्रेरणा सिवनी।

***नगर पालिका परिषद सिवनी कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडीया का कार्यकाल जीरो रहा 1 वर्ष में जो महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण हो जाने चाहिए थे वह कार्य प्रारंभ ही नहीं हो सके।***

पार्षद राजिक अकील द्वारा जारी विज्ञप्ति मे बताया गया कि गीता भवन रोज गार्डन कम्युनिटी हॉल गुरुनानक वार्ड राजस्व कार्यालय में नगर पालिका कार्यालय भवन जो की हर तरह की स्वीकृति प्राप्त कर चुका था सिर्फ महिला वासिती ग्रह को डिस्मेंटल करके निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाना था जो की नगर क़े मध्य था। कार्यालय भवन क़े लिए सबसे उपयुक्त स्थान था इनके द्वारा भवन दुर्भावना वश किदवई वार्ड कर दिया गया लेकिन उसे प्रारंभ करने में किसी प्रकार की कोई कार्रवाई अभी तक नहीं हुई मुख्य नगर पालिका अधिकारी की प्रमुख सड़क जिसे हम मॉडल रोड कहते हैं ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता विहीन काम किया गया लेकिन इस पर ज्ञानचंद सनोड़िया द्वारा किसी प्रकार का कोई शिकायत नहीं की गई। बहुत ही घटिया स्तर का कार्य हुआ है नगर पालिका में बीते 1 साल लोगों के काम जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र खाद पर्ची,पेंशन,भवन निर्माण नामांतरण अनेक क्षेत्रग्रही योजना सभी लोग बहुत ज्यादा परेशान हुए हैं।

नगर पालिका अध्यक्ष सफीक खान का कार्यकाल देखे तो नगर के सभी प्रमुख मार्गो का डामरीकरण कर दिया गया, दलसागर में लाइट साउंड फाउंटेन लगाया गया मठ मंदिर में तालाब का सौंदर्यकरण किया गया 24 वार्डों में सामान्य रूप से सभी पार्षदों के काम सड़क नाली निर्माण संबंधी प्रारंभ किए गए निषाद राज भवन,आजाद वार्ड में सामुदायिक भवन का कार्य तेजी से प्रारंभ हुआ ऐसे अनेक कार्य नगर पालिका अध्यक्ष शफीक खान के कार्यकाल में हुए.कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोदिया के बनने के बाद नगर विकास हंस गया है।

दूसरी वजह यह रही की सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन से संबंध ख़राब रहे जिसके कारण सिवनी विधायक ने नगर पालिका को विधायक निधि के नाम से कोई भी राशि नहीं दी गई ना ही निर्माण के लिए नगर पालिका सिवनी को उनके कार्यकाल में निर्माण एजेंसी बनाया ज्ञानचंद सनोदिया द्वारा 1 वर्ष में तीन बैठकों में लगभग ढाई सौ कार्य स्वीकृत कराए गए लेकिन उनमें से एक भी कर प्रारंभ नहीं हो सका कांग्रेस पार्षदों के साथ सौतेला बर्ताव किया गया बहुत से भाजपा पार्षदों के साथ भी यही बर्ताव ज्ञानचंद सनोड़िया द्वारा किया गया जिनमें वार्डों में उनके रहते कोई भी कार्य प्रारंभ नहीं हो सके।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लखनादौन, आदेगांव, धूमा, सालीवाड़ा, घंसौर एवं केदारपुर कार्यकारिणी घोषित

जगप्रेरणा सिवनी।

***अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मंशारूप, संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला प्रभारी***

सोहन वाल्मीकि की अनुशंसा से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा लखनादौन विधानसभा प्रभारी अरूण पवार की सहमति से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लखनादौन, आदेगांव, धूमा, सालीवाड़ा, घंसौर एवं केदारपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा प्रस्तावित ब्लॉक कार्यकारिणी के अनुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकरियों की नियुक्ति की गई जो है।

लखनादौन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष संदीप जैन। ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष श्रीमती अन्नपूर्णा तिवारी, प्रमोद यादव, संतोष अग्रवाल लखनादौन। ब्लॉक कांग्रेस महासचिव सुरेश गोल्हानी, सादिक खान, श्रीमती रजनी अग्रवाल, अर्जुन बैसले, राजेन्द्र अवधिया, मुकेश गोल्हानी लखनादौन। ब्लॉक कांग्रेस सचिव ओमकार बरमैया, सुरेश गुप्ता गनेशगंज, घनश्याम झारिया, श्रीमती रेशमा परते, अजय ठाकुर सिरोलीपार, महेन्द्र करपे सुकवाह, लेखन सीराम संगईमाल, गोविंद उइके भरदा। ब्लॉक मीडिया(प्रवक्ता) नीलेश स्थापक। ब्लॉक सोशल मीडिया में आशीष विश्वकर्मा, विधि सलाहकार तरूण श्रीवास लखनादौन का समावेश किया गया।

आदेगांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष संदीप चन्द्रा आदेगांव। ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष श्रीमती कुसुमबाई परते, देवीसिंह चिचले, पवन तिवारी आदेगांव। ब्लॉक कांग्रेस महासचिव श्रीमती समता बाई कुमरे, श्रीमती लक्ष्मी बाई नाथ, कढोरीलाल सिरसाम, अरविंद नेमा, चन्द्रकिशोर साहू, हीरा धुर्वे मोहगांवगूजर। ब्लॉक कांग्रेस सचिव श्रीमती सुमरत बाई इनवाती, श्रीमती ललिता बाई पतलोन, श्रीमती बिस्तोबाई विश्वकर्मा बिछुआ, श्रीमती रामकुमारी करछुवाई, मोहन साहू, राजेश परते खमरिया, जमना सोनी, दंगलसिह हमीरगढ़। ब्लॉक मीडिया(प्रवक्ता) इन्द्रकुमार सेन मोहगांवकाक्षी। ब्लॉक सोशल मीडिया पवन डेहरिया विधि सलाहकार विजय नेमा आदेगांव की नियुक्ति की गई।

धूमा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष नितिन तिवारी। ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, रामकिशोर बकोडे, श्रीमती सरोज तिवारी धूमा। ब्लॉक कांग्रेस महासचिव रामनारायण साहू, सुरेशकुमार प्रजापति, राजकुमार अग्रवाल, श्रीमती रजनी नामदेव, श्रीमती मीराबाई साहू। ब्लॉक कांग्रेस सचिव रमेश अग्रवाल, कृष्णकुमार तिवारी, राजेन्द्र तिवारी, अनिलकुमार शिवहरे, संतोष कुशवाहा, अंकित चैबे, श्रीमती मीना अग्रवाल, श्रीमती मधु मरकाम, श्रीमती जयंतीबाई यादव, श्रीमती देवकीबाई सरयाम धूमा। ब्लॉक मीडिया(प्रवक्ता) सुनील शिवहरे। ब्लॉक सोशल मीडिया अंकित परते गोकलपुर की नियुक्तिकी गई है।

सालीवाड़ा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष नीलसिंह गुर्जर सलेमा। ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष नौसाद खान गोरखपुर, रविन्द्रसिंह उइके सर्रा, अनिलकुमार यादव झलवानीमाल। ब्लॉक कांग्रेस महासचिव रामचन्द्र कुमरे सालीवाडा, श्रीमती लक्ष्मी उइके केवलारी, राजेश उइके सुजालपुर, पन्नालाल मरावी खिरखिरी, काशीराम चन्द्रवंशी हर्रई, रामचन्द्र गुर्जर सलेमा। ब्लॉक कांग्रेस सचिव श्रीमती विनीता नागेश बेगरवानी, राजेश पटेल हिंगवानी, विनोद कुमार सकरी, लोकमन मरावी, श्यामलाल वंशकार घोघरीमाल, संजू विश्वकर्मा सकरी, राकेश डेहरिया सालीवाड़ा, धनैया मरावी तीतरी। ब्लॉक मीडिया(प्रवक्ता) दीपक बकोडे सलेमा। ब्लॉक सोशल मीडिया चकित कुमार सेन सालीवाड़ा।

घंसौर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष संजीत गुमास्ता कहानी। ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष श्रीमती द्रोपतीझारिया बीजासेन, कोमल नेताम छीतापार, सुदेश अग्रवाल घंसौर। ब्लॉक कांग्रेस महासचिव श्रीमती सविता बर्मन घंसौर, राजेश डोंगरे केवलारी, रियाज खान दरोटकला, बिन्नू यादव बदम, अशोक पटेल बाम्हनवाड़ा,सुमित जैन घंसौर। ब्लॉक कांग्रेस सचिव उत्तम नेताम छीतापार, श्रीमती सविता ग्रीयाम घंसौर, श्याम गिरी गाडाघाट, मुकेश मरावी पिंडरई, हीरालाल भटेखारी, अशोक कुमार ईश्वरपुर, दीनदयाल बालपुर, श्रीमती रामकुमारी बालपुर। ब्लॉक मीडिया(प्रवक्ता) राजीव त्रिवेदी गोरखपुर एवं ब्लॉक सोशल मीडिया में सुरेन्द्र नामदेव घंसौर की नियुक्ति की गई। केदारपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष देवेन्द्र नागेश किंदरई। ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष गणेश प्रजापति, श्रीमती सविता राजपूत भिलाई, श्रीमती रोशनी पटैल झुरकी।

ब्लॉक कांग्रेस महासचिव श्रीमती सुनीता पटैल ब्यौहारी, श्रीमती सुनीता मरावी गंगपुर, लालजू बल्झारी पुटरई, सुमत झारिया तिंदुआ, देवीप्रसाद कुडापे सिंघनपुरी, धनीराम कुमरे मसूरभांवरी। ब्लॉक कांग्रेस सचिव श्रीमती सविता भगदिया डुंगरिया, श्रीमती सीमा झारिया धनवाही, नेमू साहू भिलाई, कृपालसिंह उइके डुंगरिया, श्रीत सैयाम कुशमी, हेमराज उइके खुर्सीपार, श्रीमती जगवंती कुर्वेती बुढना, विनोद उइके धूमामाल। ब्लॉक मीडिया(प्रवक्ता) भारत मरकाम घुटना एवं ब्लॉक सोशल मीडिया में अमित पाण्डे केदारपुर की नियुक्ति की गई।

# सिवनी के मनीष अग्रवाल 'अनसंग एवरीडे हीरोज अवार्ड' से होंगे सम्मानित



जगप्रेरणा सिवनी।

***मानवीय मूल्यों और निस्वार्थ सेवा को समर्पित विश्व प्रसिद्ध संस्था 'द आर्ट ऑफलिविंग' द्वारा सिवनी के समाजसेवी और व्यवसायी श्री मनीष अग्रवाल को प्रतिष्ठित***

'अनसंग एवरीडे हीरोज अवार्ड' (व्यवसाय एवं परोपकार श्रेणी) के लिए चुना गया है। यह सम्मान उन्हें उनके शांत समर्पण और समाज के प्रति परिवर्तनकारी योगदान के लिए दिया जा रहा है।

### गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी का आशीर्वाद..

यह आयोजन 'द आर्ट ऑफलिविंग' संस्था के 45 वर्ष पूर्ण होने और संस्था के संस्थापक पूज्य गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी के 70वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। यह पुरस्कार उन विशिष्ट व्यक्तियों को दिया जाता है जो बिना किसी प्रचार के समाज को समृद्ध करने में जुटे हैं।

### जबलपुर में होगा गरिमामय समारोह..

सम्मान समारोह का आयोजन 13 मई 2026 को शाम 6:30 बजे मानस भवन ऑडिटोरियम, राइट टाउन, जबलपुर में किया जाएगा। कार्यक्रम में देश के कई दिग्गज नेता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। मध्य प्रदेश एपेक्स बॉडी के सदस्य सुनील मालू ने बताया कि इस दौरान पुरस्कार वितरण के साथ-साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी।

मनीष अग्रवाल को इस उपलब्धि पर शहर के गणमान्य नागरिकों और इष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

सिवनी मे जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करे..
हसीब मोहम्मद
7898530101

# सम्मेद शिखर तीर्थ क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

जगप्रेरणा सिवनी।

***दिगंबर जैन पंचायत कमेटी सिवनी के अध्यक्ष पवन दिवाकर ने कहा है कि जैन का तीर्थ सम्मेद शिखरजी जो की झारखंड राज्य में आता है***

यह तीर्थ क्षेत्र जैन समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है कुछ वर्षो से यहां पर यहां की पवित्रता को लेकर प्रश्न रहे हैं इस बात को गंभीरता से लेते हुए सकल जैन समाज द्वारा मांग की गई है कि पर्वत में प्रवेश हेतु एक पोस्ट का निर्माण कि या जाए। तीर्थ क्षेत्र में आचार संहिता को शक्ति से लागू किया जाए। जूते चप्पल प्रवेश पर रोक लगाई जाए।

इस क्षेत्र को संरक्षित करने के लिए उचित पहल की जाए इस मांग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर सिवनी को सौपा गया है।

# 11 मई को श्रद्धा के साथ मनाया जायेगा भगवती श्री राज राजेश्वरी एवं भगवान श्री परशुराम का 8वां पाटोत्सव..





जगप्रेरणा सिवनी।

***ज्ञातव्य है कि 9 मई 2018 (ज्येष्ठ कृष्ण नवमी) को पूज्य ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी के शुभ हस्ते नंदीकेश्वर धाम स्थित मंदिर में***

भगवान श्री परशुराम एवं श्री माता राज राजेश्वरी की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। तब से जिला ब्राह्मण समाज द्वारा प्रति वर्ष पाटोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में आगामी 11 मई को होने वाले पाटोत्सव कार्यक्रम को लेकर जिला अध्यक्ष पं दिलीप तिवारी की अध्यक्षता में जिला ब्राह्मण समाज की महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार 11 मई 2026 दिन सोमवार (ज्येष्ठ कृष्ण नवमी) को नंदीकेश्वर धाम में भगवान श्री परशुराम एवं भगवती श्री राज राजेश्वरी मंदिर का 8वां पाटोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर शाम 5 बजे से भगवती श्री राज राजेश्वरी एवं भगवान श्री परशुराम का पूजन - अर्चन किया जायेगा।

बैठक में दिलीप तिवारी, ओम प्रकाश तिवारी, अजय मिश्रा, प्रशांत शुक्ला, अशोक तिवारी, जुगल किशोर दुबे, दिनेश मिश्रा, संदीप दुबे, राजेन्द्र शर्मा, विनोद मिश्रा, राम नारायण दीक्षित, सूर्यकांत चतुर्वेदी, श्रीमती अरविन्दजा दुबे, श्रीमती मंजूलता दुबे, श्रीमती दुर्गेश्वरी शर्मा, श्रीमती नीतू दुबे, श्रीमती हेमलता मिश्रा, श्रीमती रीता मिश्रा, श्रीमती सरिता मिश्रा, श्रीमती विजया दीक्षित, आरुणी दीक्षित एवं अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे।

# काँहीवाड़ा बस स्टैंड में धक्का देकर स्टार्ट करनी पड़ी 108 एम्बुलेंस..




### स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठे सवाल..

जगप्रेरणा काँहीवाड़ा।

प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आपातकालीन सेवाओं में शामिल 108 एम्बुलेंस भी अब भरोसेमंद नहीं रह गई हैं। गत दिवस काँहीवाड़ा बस स्टैंड में एक 108 एम्बुलेंस खराब हो जाने के कारण कर्मचारियों को उसे धक्का देकर स्टार्ट करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एम्बुलेंस अचानक बंद हो गई, जिसके बाद मौजूद कर्मचारियों और लोगों ने मिलकर वाहन को धक्का लगाया तब कहीं जाकर वह चालू हो सकी। इस घटना का वीडियो और तस्वीरें भी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

गौरतलब है कि 108 एम्बुलेंस सेवा को गंभीर मरीजों और दुर्घटना पीड़ितों के लिए जीवनरक्षक सेवा माना जाता है, लेकिन यदि ऐसी सेवाओं के वाहन ही बीच रास्ते में जवाब देने लगें तो मरीजों की जान जोखिम में पड़ सकती है। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग और शासन से मांग की है कि एम्बुलेंस वाहनों की नियमित जांच एवं रखरखाव सुनिश्चित किया जाए ताकि आपातकालीन स्थिति में लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# जनगणना 2027 के मकान सूचीकरण कार्य में नागरिक करें सहयोग - कलेक्टर..



जगप्रेरणा सिवनी।

***जनगणना 2027 अंतर्गत जिले में मकान सूचीकरण एवं संबंधित प्रारंभिक सर्वे कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ किए जा रहे हैं।***

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशन में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकारियों द्वारा सतत मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि प्रत्येक परिवार और मकान की जानकारी सही रूप से दर्ज हो सके।

जिले में नियुक्त प्रगणकों द्वारा घर-घर पहुंचकर मकानों एवं परिवारों से संबंधित जानकारी का सर्वे किया जा रहा है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रगणक निर्धारित प्रारूप के अनुसार जानकारी संकलित कर रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि जनगणना देश की महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रक्रिया है, जिसके आधार पर विकास योजनाओं, संसाधनों के वितरण तथा विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाती है। ऐसे में सभी नागरिक गणनाकर्मियों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं तथा सर्वे कार्य में सहयोग करें।

उन्होंने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े शासन की योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कलेक्टर श्रीमती मीना ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सर्वे कार्य पूरी पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं गुणवत्ता के साथ संपादित किया जाए तथा किसी भी क्षेत्र में पात्र परिवारों की जानकारी छूटने न पाए। जिले में कार्य की नियमित समीक्षा भी की जा रही है।

# द्वितीय बोर्ड परीक्षा में 784 परीक्षार्थी हुए शामिल, जिले के 10 केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न..

जगप्रेरणा सिवनी।

***माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र. भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा वर्ष 2026 जिले के 10 परीक्षा केन्द्रों पर 7 मई से 25 मई 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जा रही है।***

शनिवार को हाईस्कूल परीक्षा अंतर्गत उर्दू विषय की परीक्षा जिले के 3 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित हुई। इसमें कुल 15 परीक्षार्थी दर्ज थे, जिनमें सभी 15 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा में कोई भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी परीक्षा अंतर्गत रसायन शास्त्र, इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, एलीमेंट्स ऑफ साइंस एंड मैथेमेटिक्स यूजफुल फॉर एग्रीकल्चर तथा गृह प्रबंधन, पोषण एवं वस्त्र विज्ञान विषयों की परीक्षा जिले के 10 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई। इसमें कुल 790 परीक्षार्थी दर्ज थे, जिनमें 769 उपस्थित एवं 21 अनुपस्थित रहे। सभी केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई तथा कोई नकल प्रकरण सामने नहीं आया। द्वितीय परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सिवनी में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम के माध्यम से जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों की गतिविधियों की सतत निगरानी कर वरिष्ठ कार्यालय को जानकारी प्रेषित की जा रही है। जिलास्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी, शासकीय म.ल.बा.क. उत्कृष्ट उमावि सिवनी तथा शासकीय उर्दू उमावि सिवनी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। इसके अलावा विकासखण्ड स्तरीय उड़नदस्ता दलों द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्रों के परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया गया। सभी केन्द्रों पर परीक्षा निर्विघ्न एवं सुचारु रूप से संचालित पाई गई।

# अब तक 1.65 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं का उपार्जन, किसानों को 245 करोड़ से अधिक का भुगतान..

जगप्रेरणा सिवनी।

रबी विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य तेजी से जारी है। इस वर्ष जिले में 54 हजार 96 किसानों ने पंजीयन कराया है तथा कुल पंजीकृत रकबा 1 लाख 21 हजार 104 हेक्टेयर दर्ज किया गया है। जिले के 78 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से किसानों से सुचारू रूप से खरीदी की जा रही है।

अब तक 44 हजार 281 किसानों को स्लॉट जारी किए जा चुके हैं, जिनमें से 25 हजार 336 किसानों ने उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं विक्रय किया है। जिले में कुल 1 लाख 65 हजार 29 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है।

उपार्जित गेहूं में से 1 लाख 55 हजार 114 मीट्रिक टन गेहूं रेडी-टू-ट्रांसपोर्ट किया जा चुका है तथा 1 लाख 38 हजार 356 मीट्रिक टन गेहूं का परिवहन पूर्ण हो गया है। किसानों को अब तक 245.52 करोड़ रुपये का सफल भुगतान किया जा चुका है।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशन में उपार्जन केन्द्रों पर किसानों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण कर उपार्जन, परिवहन एवं भुगतान व्यवस्था की मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें मो. 9329033433

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल

डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP

डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS

मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक

विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध

पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039


कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800




दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 94258-22975

# भाजपा अपने नेताओं को अमीर बनाती है, और कांग्रेस गरीबों का कल्याण करती है.. - अजय सिंह 'राहुल'

## बालाघाट में पूर्व मंत्री का जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार के निवास पर हुआ आत्मीय अभिनंदन..

### स्वास्थ्य लाभ ले रहे पूर्व पार्षद अशोक सिंह बैस एवं रहीम खान के निवास भी पहुंचे अजय सिंह..

जगप्रेरणा बालाघाट।

*मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह के सुपुत्र तथा म.प्र. में दिग्विजय सिंह सरकार में केबिनेट मंत्री रहे एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह 'राहुल' का एक दिवसीय प्रवास पर 08 मई को बालाघाट आगमन हुआ। बालाघाट जिले के प्रवास पर कांग्रेसियों से भेंट करने पहुंचे पूर्व मंत्री अजय सिंह 'राहुल' बालाघाट के जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार के शासकीय*

निवास पर पहुंचे, जहां रात्रि भोज के साथ ही बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया, वहीं मंचीय कार्यक्रम के माध्यम से अपने उद्बोधन द्वारा अजय सिंह 'राहुल'ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह भी बढ़ाया। मंचीय कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनुप सिंह बैस ने किया।

इस अवसर पर सम्राट सिंह सरसवार की विवाह वर्षगांठ भी मनाई गई। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विधायक संजय उईके, पूर्व विधायक अशोक सिंह सरसवार, पूर्व विधायक सुश्री हिना कावरे, श्रीमती पुष्पा बिसेन, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार, विधायक विवेक पटेल, विधायक अनुभा मुंजारे, संतोष जैन, संगठन मंत्री शफकत खान, सेवादल जिलाध्यक्ष जीतु बर्वे मंचासीन रहे।



### पूर्व पार्षद अशोक सिंह बैस का कुशल क्षेम जानने पहुंचे..

बालाघाट पहुंचने पर पूर्व मंत्री अजय सिंह 'राहुल' स्व. अर्जुन सिंह जी के जमाने से उनके प्रबल समर्थक रहे पूर्व पार्षद अशोक सिंह बैस के निवास भी पहुंचे, और उनके स्वास्थ्य लाभ की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर बैस परिवार की ओर से अनुप सिंह बैस, राहुल सिंह बैस, अरुण सिंह बैस एवं परिवार ने पूर्व मंत्री अजय सिंह 'राहुल' का आत्मीय अभिनंदन किया।

### रहीम खान के निवास पर की मुलाकात..

पूर्व मंत्री अजय सिंह 'राहुल' अगले पड़ाव में पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रहीम खान के निवास पर भी पहुंचे। जहां पर विधानसभा बालाघाट के पूर्व प्रत्याशी उम्मेद लिल्हारे एवं गोवारी समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेश सहारे, बुद्धिस्ट सोसायटी के प्रदेश महासचिव धर्मेंद्र कुरील, अधिवक्ता संघ के सदस्य राकेश सिंगारे, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शब्बीर पटेल, पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव शमीम सिद्दीकी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार, अनुप सिंह बैस, हरप्रीत सिंह कौशल, कमलेश पिपलेवार, मकसूद खान, महेंद्र पचौरी सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर ओबीसी वर्ग की 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग संहित अनेक मुद्दों को लेकर चर्चा की।

### पूर्व मंत्री अजय सिंह 'राहुल' ने बिना नाम लिये गौरीशंकर बिसेन पर कटाक्ष..

आयोजित मंचीय स्वागत कार्यक्रम में पूर्व मंत्री, पूर्व नेताप्रतिपक्ष अजय सिंह 'राहुल' ने कहा कि मैं 7 बार से विधायक हूं। अपने क्षेत्र में निरंतर सक्रिय हूं। लेकिन अब लगा कि नहीं पुरे प्रदेश में घुमकर मुझे कांग्रेस को मजबूत करने का प्रयास करना चाहिये, इसलिये मैं आप सभी के बीच एक पारिवारिक मिलन की सोच रखते हुए उपस्थित हूंआ हूं। अपने उद्बोधन में अजय सिंह 'राहुल' ने आगे कहा कि हमें आने वाले 2028 में कांग्रेस की सरकार बनानी है? अब सवाल यह उठता है कि सरकार क्यों बनानी है? तो इस बात को समझना होगा कि हमारी कांग्रेस और भाजपा में बेसिक अंतर क्या है।

भाजपा की सरकार अपने लोगों को फायदा दिलाती है, और भाऊ (गौरीशंकर बिसेन) जैसे लोगों को करोड़पति बनाती है, और कांग्रेस पार्टी अंतिम छोर के झुग्गी झोपड़ी तक के अंतिम दोर के व्यक्ति को लाभान्वित करती है। कांग्रेस वास्तव में काम करती है, और भाजपा दिखावा करती है। आज समझने की जरुरत है कि छ.ग. में हमारी सरकार बनी तो 2018 की सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपये देना शुरु कर दिया, लेकिन मध्यप्रदेश में किसानों के साथ भाजपा ने वो वादा पूरा किया क्या? कमलनाथ जी की सरकार में किसानों का कर्जा माफ किया गया, लेकिन सरकार भाजपा ने हथिया ली, तो फिर जनता को क्या मिला। आज हमारा प्रदेश 5 लाख करोड़ के कर्जे में है, और भाजपा सत्ता का दुरुपयोग करके लगातार प्रदेश को कर्जदार बना रही है, और चुनाव के हिसाब से योजनाओं से जनता को लाभान्वित करके गुमराह करके देश को और प्रदेश को बेचने काम कर रही है, इसलिये अब प्रदेश औश्र देश को बचाना है, इसलिये कांग्रेस की सरकार बनाना है।

### यह भी बोले अजय सिंह 'राहुल'

पूर्व मंत्री अजय सिंह 'राहुल' ने आगे कहा कि हमारे साथ एक दिक्कत और है हम सभी को वादा कर देते हैं कि टिकिट देंगे, और बाद में विद्रोह की स्थितियां भी नुकसान पहुंचाती है, इसलिये अबकी बार सबको साथ लेकर चलने का करें, और सब यह विश्वास रखें कि सर्वे रिपोर्ट के आधार पर टिकिट मिलेगी, सर्वे रिपोर्ट में जो कमजोर होंगे, वे पार्टी को मजबूत करने का दम रखते हैं, ये मानकर उन्हें पार्टी संगठन के लिये काम पूरी ताकत से करना होगा। जिसकी किस्मत होगी, जिसका नाम नीचे से जनता की आवाज से आयेगा, उसको टिकिट देंगे, और जिसको टीकिट मिलेगी, उसके लिये काम करने की सोच बनानी होगी। अजय सिंह 'राहुल' ने आगे कहा कि ये मान लिया जाए कि 2027 में पंचायत और नगर पालिकाओं के चुनाव होंगे। तब उन चुनावों को सेमीफाईनल मान लो और 2027 में पंचायत और नगरीय निकाय के चुनाव जीत जाएंगे तो 2028 की तैयारी उसके साथ साथ शुरु हो जायेगी। श्री अजय सिंह 'राहुल' ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रदेश को सुख, संपन्न एवं वैभवशाली बनाने के लिये एकजुट होकर जनता की लड़ाई में आगे रहने का आह्वान किया।

# बालाघाट में नेशनल लोक अदालत में 1009 प्रकरणों का हुआ निराकरण..

### 3 करोड़ 18 लाख से अधिक की अवार्ड राशि पारित..

जगप्रेरणा बालाघाट।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आज 09 मई 2026 को जिला न्यायालय बालाघाट सहित जिले के समस्त न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन एवं गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।



कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्राणेश कुमार प्राण द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी एक्ट) श्री रघुवीर प्रसाद पटेल, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री गौतम सिंह मरकाम, द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री दीप नारायण सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री मनीष सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सतीष शर्मा सहित अन्य न्यायिक अधिकारी, बैंक, बीमा एवं पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं पैरालीगल वालंटियर्स उपस्थित रहे।

नेशनल लोक अदालत के दौरान जिला न्यायालय परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन जिला आयुष विभाग के सहयोग से किया गया, जिसमें पक्षकारों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयों का वितरण किया गया।

साथ ही ÷सुरक्षित बचपन-सुरक्षित भविष्य÷ अभियान के अंतर्गत जागृति योजना 2025 का शुभारंभ भी किया गया।

लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए जिलेभर में कुल 24 न्यायिक खंडपीठों का गठन किया गया। इनमें जिला न्यायालय बालाघाट में 09, बैहर में 04, कटंगी में 01, लांजी में 01 एवं वारासिवनी में 08 खंडपीठ शामिल रहीं। इन खंडपीठों में आपराधिक शमनीय प्रकरण, बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, विद्युत एवं जलकर प्रकरण सहित विभिन्न मामलों का निराकरण किया गया।

लोक अदालत में कुल 1085 प्रकरण विचारार्थ रखे गए, जिनमें से 1009 प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण किया गया। प्री-लिटिगेशन के 835 प्रकरणों में से 780 प्रकरणों का निराकरण कर 1 करोड़ 60 लाख 91 हजार 443 रुपये की अवार्ड राशि पारित की गई। वहीं न्यायालयों में लंबित 250 प्रकरणों में से 229 प्रकरणों का निराकरण कर 1 करोड़ 57 लाख 47 हजार 930 रुपये की अवार्ड राशि पारित की गई। इस प्रकार कुल 3 करोड़ 18 लाख 39 हजार 373 रुपये की अवार्ड राशि पारित की गई।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्राणेश कुमार प्राण ने नेशनल लोक अदालत की सफ्लता में सहयोग प्रदान करने वाले न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस विभाग, समाजसेवियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं आमजन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत न्यायदान की सरल, सुलभ एवं त्वरित व्यवस्था है, जिसे भविष्य में भी इसी प्रकार सफ्लतापूर्वक संचालित किया जाता रहेगा।

# बंगाल मे भाजपा की सरकार बनने पर वरिष्ठ भाजपा नेता अभय सेठिया के निवास पर हुई झालमुड़ी पार्टी..

### मोदी है तो मुमकिन है और भारत मां की आरती, भारतीय जनता पार्टी के लगाये नारे..

जगप्रेरणा बालाघाट।

*भारतीय जनता पार्टी ने अनेक राज्यों के साथ साथ अब चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद पश्चिम बंगाल में भी सरकार बना ली। पश्चिम बंगाल में भाजपा ने 207 सीटों पर जीत हासिल की, और आज 09 मई को पश्चिम बंगाल में 5 मंत्रीयों के साथ शुभेन्दु अधिकारी ने नए मुख्यमंत्री के रुप में शपथ ग्रहण की।*





इस खुशी के अवसर पर बालाघाट शहर में आज भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ और कर्मठ नेता तथा चेम्बर ऑफ कॉमर्स के जिलाध्यक्ष अभय सेठिया के नेतृत्व में सेठिया निवास पर झालमूड़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित भाजपा नेताओं ने झालमुड़ी खाकर आनंद लिया, और मोदी है तो मुमकिन है, भारत मां की आरती, भारतीय जनता पार्टी के नारे लगाए।

### बोले अभय सेठिया..

इस अवसर पर अभय सेठिया ने कहा कि पुरे सनातन की मूल भावना में वापसी करते हुए शांति और विकास के पथ पर अग्रसित हो रहा है। इसी क्रम में पश्चिम बंगाल में तृणमुल कांग्रेस की मनमानी और अन्याय अत्याचार का वहां की जनता ने करारा जवाब दे दिया, और भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था पूरी ताकत से विद्यमान हो गई। श्री सेठिया ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भी यह सबकुछ हो सका, क्योंकि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश को महाशक्ति बनता हुआ देश की जनता देख रही है। पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नबीन संहित एक एक कार्यकर्ता विचाराधारा की शक्ति से मजबूत होकर देश के नवनिर्माण के लिये प्रयासरत है, पश्चिम बंगाल की सफलता उसी परिश्रम और एक उम्मीद और विश्वास का प्रतिफल है। श्री सेठिया ने कहा कि अब पश्चिम बंगाल में घुसपैठिया घुस नहीं सकेंगे और शांती और विकास के मार्ग पर

### यह रहे उपस्थित..

वरिष्ठ भाजपा नेता अभय सेठिया के निवास पर आयोजित झालमुड़ी कार्यक्रम में रमेश रंगलानी, ऋषभदास वैद्य, अशोक बजाज, जितेन्द्र मोहारे, हेमा वाधवानी, गणेश अग्रवाल, अनीश मेमन, तुराब खान, दीपक जैन, गोपाल आडवानी, वीणा कनौजिया, अनिल अग्रवाल, सुदीप जैन, मनोज बुचुरकुंडे, सुनील खोटेले, अजय सोनी, रुपेश वैद्य, देवराम बर्वे, राजेन्द्र चौधरी, यशवंत लिल्हारे, महेश कुमार चावलानी, अमर सिंह ठाकुर, इंद्रजीत मुटनेजा, हरेश रंगलानी, ज्ञानचंद कांकरिया, मोहन आचार्य, विजय बाघरेचा आदि उपस्थित थे।


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

अजय रजक गढ़ी

मो. 84353 19391

# चरेगांव में विधायक मधु भगत के निवास पर अजय सिंह 'राहुल भैया' ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष, चुरहट विधायक अजय सिंह 'राहुल भैया' का 9 मई 2026 को बालाघाट जिले के चरेगांव आगमन हुआ।***







इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक मधु भगत, जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक संजय उइके, कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव सुश्री हिना कावरे, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरस्वार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस संगठन के वरिष्ठ एवं युवा पदाधिकारी, ग्रामीणजन तथा पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 10:30 बजे चरेगांव स्थित विधायक मधु भगत के निज निवास (लामटा) में किया गया, जहां राहुल भैया ने कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की।

पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय अर्जुन सिंह के सुपुत्र एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय सिंह 'राहुल भैया' ने पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी राजनीतिक रणनीति को लेकर कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। इस अवसर पर जिलेभर के कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, सरपंचगण एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अजय सिंह 'राहुल भैया' ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का मूल आधार उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं और संगठन की मजबूती ही भविष्य की सफलता तय करेगी। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि हम गांव-गांव जाकर जनता के बीच संवाद स्थापित करें और उनके मुद्दों को मजबूती से उठाएं। कांग्रेस की विचारधारा हमेशा गरीब, किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं के हितों की रक्षा करने वाली रही है। आगामी राजनीतिक चुनौतियों का सामना एकजुटता, अनुशासन और जनसेवा की भावना से ही किया जा सकता है।

वहीं कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव सुश्री हिना कावरे ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो हर परिस्थिति में जनता की आवाज बनकर खड़े रहते हैं। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने और युवाओं, महिलाओं एवं ग्रामीण वर्ग को अधिक से अधिक जोड़ने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा सामाजिक न्याय, किसान हित, महिलाओं के सम्मान और युवाओं के भविष्य की लड़ाई लड़ती रही है। राहुल भैया का यह दौरा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगा, जिससे संगठन और अधिक सशक्त होकर जनता के बीच कार्य करेगा।

इस अवसर पर विधायक मधु भगत ने क्षेत्र में संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं से एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चरेगांव में राहुल भैया का आगमन कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक और उत्साहवर्धक है। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से संगठन को नई दिशा एवं ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत कर जनता की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष तेज किया जाएगा, ताकि कांग्रेस की नीतियों और विचारों को हर घर तक पहुंचाया जा सके।

वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक संजय उइके ने अपने संबोधन में कहा कि राहुल भैया जैसे वरिष्ठ नेता का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं के लिए ऊर्जा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को समर्पण भाव से कार्य करना होगा। जनता आज महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और स्थानीय मुद्दों से परेशान है, ऐसे में कांग्रेस को जनआवाज बनकर संघर्ष करना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद स्थापित करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राहुल भैया का चरेगांव आगमन संगठन के लिए नई ऊर्जा लेकर आया है। उनके मार्गदर्शन से कार्यकर्ताओं को आगामी चुनावी तैयारियों एवं जनसंपर्क अभियान को लेकर नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्रीय कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कान्हा टाइगर रिजर्व में जंगली भैंसा पुनर्स्थापना कार्यक्रम का द्वितीय चरण सफल

## सुपखार क्षेत्र में चार और जंगली भैंसों को विशेष बाड़े में किया गया मुक्त..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश में विलुप्त हो चुकी जंगली भैंसा प्रजाति के पुनर्स्थापना अभियान के अंतर्गत कान्हा टाइगर रिजर्व में जंगली भैंसा पुनर्स्थापना कार्यक्रम का द्वितीय चरण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।***







कान्हा टाइगर रिजर्व के सुपखार परिक्षेत्र में आज 09 मई को चार जंगली भैंसों के दल को विशेष रूप से निर्मित बाड़े में सुरक्षित रूप से मुक्त किया गया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) श्रीमती समिता राजोरा एवं अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) श्री एल. कृष्णमूर्ति ने जंगली भैंसों को बाड़े में निर्मुक्त किया।

कार्यक्रम में क्षेत्र संचालक कान्हा टाइगर रिजर्व श्री रविंद्र मणि त्रिपाठी, उप संचालक (कोर) श्री प्रकाश वर्मा, उप संचालक बफर सुश्री अमिथा के.बी., समस्त सहायक संचालक, परिक्षेत्र अधिकारी एवं स्थानीय वन अमला उपस्थित रहा।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश के वन क्षेत्रों से जंगली भैंसा लगभग 150 वर्ष पूर्व विलुप्त हो चुके थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से मध्यप्रदेश वन विभाग द्वारा जंगली भैंसा पुनर्स्थापना की विशेष योजना पर कार्य किया जा रहा है। इसके तहत कान्हा टाइगर रिजर्व के सुपखार क्षेत्र में, जहां पूर्व में जंगली भैंसों की उपस्थिति के प्रमाण मिले हैं, असम के काजीरंगा टाइगर रिजर्व से जंगली भैंसों को लाकर पुनर्स्थापित किया जा रहा है।

परियोजना के प्रथम चरण में 28 अप्रैल 2026 को चार जंगली भैंसों को सुपखार स्थित बाड़े में मुख्यमंत्री डा मोहन यादव द्वारा मुक्त किया गया था। द्वितीय चरण में चार और जंगली भैंसों के सफल आगमन के साथ अब तक कुल 8 जंगली भैंसे पुनर्स्थापित किए जा चुके हैं, जिनमें 2 नर एवं 6 मादा शामिल हैं। वन विभाग ने आगामी तीन वर्षों में कुल 50 जंगली भैंसों को पुनः स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

काजीरंगा टाइगर रिजर्व से कान्हा टाइगर रिजर्व तक लगभग 2220 किलोमीटर की दूरी विशेष वन्यजीव परिवहन वाहनों से सड़क मार्ग द्वारा तय की गई।

इस दौरान दो वन्यजीव चिकित्सकों की टीम द्वारा लगातार स्वास्थ्य परीक्षण एवं निगरानी की गई। साथ ही एक सहायक संचालक एवं एक परिक्षेत्र अधिकारी ने पूरे अभियान का नेतृत्व किया। लगभग 72 घंटे की सतत यात्रा के बाद जंगली भैंसों को सुरक्षित रूप से कान्हा पहुंचाया गया। यह पुनर्स्थापना कार्यक्रम मध्यप्रदेश में जैव विविधता संरक्षण एवं विलुप्तप्राय वन्यजीव प्रजातियों के पुनर्वास की दिशा में एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## अब धान के साथ तिल की खेती से बढ़ेगी आय

# कृषि विभाग के मार्गदर्शन से किसान भीवाराम गौतम ने अपनाई तिलहनी फसल की खेती..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***'पहले मैं केवल धान की खेती करता था। मेहनत बहुत होती थी, लेकिन आमदनी सीमित रहती थी। अब तिल की फसल देखकर विश्वास हो गया है कि खेती में बदलाव ही आय बढ़ाने का रास्ता है।' यह कहना है विकासखंड लालबर्रा के ग्राम कनकी निवासी कृषक श्री भीवाराम गौतम का।***



श्री भीवाराम गौतम पिता श्री दादुजी गौतम के पास लगभग 1.685 हेक्टेयर कृषि भूमि है, जिसमें वे वर्षों से पारंपरिक तरीके से खेती करते आ रहे थे। वे मुख्य रूप से धान की फसल लेते थे, लेकिन लगातार एक ही फसल पर निर्भर रहने के कारण उनकी आय में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो पा रही थी। दलहनी और तिलहनी फसलों के प्रति उनकी रुचि कम थी और नई फसल अपनाने में वे संकोच महसूस करते थे।

कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती उर्मिला शेण्डे के मार्गदर्शन में श्री गौतम ने मुरझड़ फार्म एवं कृषक संगोष्ठी में भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें दलहनी एवं तिलहनी फसलों की खेती, उनकी उपयोगिता तथा आय बढ़ाने में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा लगातार प्रेरित किए जाने के बाद उन्होंने इस वर्ष बदलाव करने का निर्णय लिया। श्री गौतम ने कृषि विभाग से निशुल्क प्राप्त तिल बीज को अपने 0.400 हेक्टेयर रकबे में बोया। वर्तमान में फसल की स्थिति काफी अच्छी है और उन्हें उम्मीद है कि एक एकड़ में लगभग 3 से 5 क्विंटल तक उत्पादन प्राप्त होगा।

वे बताते हैं कि अब उन्हें महसूस हो रहा है कि धान के साथ तिल जैसी तिलहनी फसलों को अपनाकर आय के नए स्रोत विकसित किए जा सकते हैं। तिल की बेहतर फसल देखकर उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वे भविष्य में अन्य फसलों की खेती के लिए भी प्रेरित हुए हैं। श्री भीवाराम गौतम ने अपनी सफलता का श्रेय कृषि विभाग एवं कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती उर्मिला शेण्डे को देते हुए कहा कि विभाग के मार्गदर्शन और प्रशिक्षण ने उनकी सोच बदल दी। उन्होंने कृषि विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सही सलाह और समय पर सहयोग मिलने से किसान अपनी आय में निश्चित रूप से वृद्धि कर सकता है।

# सफलता की कहानी : धान छोड़ तिल, मूंग और उड़द की खेती से बढ़ी उम्मीद

## कृषि विभाग के मार्गदर्शन से किसान जयपाल बिसेन ने अपनाई कम लागत और कम पानी वाली खेती





जगप्रेरणा बालाघाट।

***'पहले गर्मी में धान की खेती करता था, जिसमें पानी और रासायनिक खाद का खर्च बहुत अधिक होता था। अब तिल, मूंग और उड़द की खेती से कम लागत में अच्छी आय की उम्मीद है और पानी की भी बचत हो रही है।'***

यह कहना है विकासखंड लालबर्रा के ग्राम नैतरा निवासी कृषक श्री जयपाल बिसेन का। श्री जयपाल बिसेन पिता श्री माधव बिसेन के पास लगभग 1.614 हेक्टेयर कृषि भूमि है। खेती के साथ-साथ उन्होंने अपने खेत में देशी मुर्गी पालन का शेड बनाकर मुर्गी पालन भी शुरू किया है। वे देशी मुर्गियों को लगभग 550 रुपये प्रति किलो की दर से बेचते हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय प्राप्त होती है।

पूर्व में वे खरीफएवं ग्रीष्मकालीन दोनों मौसम में धान की खेती करते थे। ग्रीष्मकालीन धान की फसल में अत्यधिक सिंचाई एवं रासायनिक खाद की आवश्यकता पड़ती थी। लगातार पानी की अधिक जरूरत के कारण उनके कुएं का जलस्तर कम हो गया था, जिससे आसपास के अन्य किसानों को भी परेशानी होने लगी थी।

इसी दौरान 31 जनवरी 2026 को कृषि विस्तार अधिकारी श्री संजय कुमार मडके ने उनके खेत का भ्रमण कर उन्हें तिल, उड़द एवं मूंग जैसी कम पानी और कम लागत वाली फसलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कृषि विभाग द्वारा उन्हें दो एकड़ क्षेत्र के लिए निशुल्क तिल बीज उपलब्ध कराया गया तथा वैज्ञानिक विधि से खेती करने के लिए प्रेरित किया गया।

कृषि विभाग के मार्गदर्शन से प्रेरित होकर श्री जयपाल बिसेन ने इस वर्ष ग्रीष्मकालीन धान की खेती पूरी तरह छोड़ दी। वर्तमान में उन्होंने 2 एकड़ भूमि में तिल, 1 एकड़ में मूंग तथा 50 डिसमिल क्षेत्र में उड़द की फसल लगाई है। उनके खेत में तिल की फसल बहुत अच्छी स्थिति में है और पौधे सफेद फूलों से लदे हुए हैं। उन्हें उम्मीद है कि तिल की फसल से लगभग 2 क्विंटल प्रति एकड़ उत्पादन प्राप्त होगा, जिससे करीब 40 हजार रुपये की आय हो सकती है।

वे बताते हैं कि इस खेती में रासायनिक खाद का उपयोग नहीं किया गया है। उन्होंने खेत में स्वयं तैयार की गई गोबर खाद एवं मुर्गी खाद का उपयोग किया है, जिससे लागत कम हुई है और भूमि की उर्वरा शक्ति भी बनी हुई है। साथ ही पानी की भी पर्याप्त बचत हो रही है।

श्री जयपाल बिसेन ने कृषि विभाग एवं कृषि विस्तार अधिकारी श्री संजय कुमार मडके के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सही मार्गदर्शन मिलने से किसान कम लागत में बेहतर खेती कर सकता है। उन्होंने कहा कि अब वे भविष्य में भी धान की जगह दलहनी एवं तिलहनी फसलों को प्राथमिकता देंगे।

## समरिया ग्राम में पेयजल स्रोतों की गुणवत्ता जांच की गई

# एफटीके किट के माध्यम से हैंडपंप एवं नल-जल योजना के जल नमूनों का परीक्षण

जगप्रेरणा बैहर।

***जनपद पंचायत बैहर अंतर्गत ग्राम समरिया में आज 09 मई 2026 को पेयजल स्रोतों की गुणवत्ता जांच हेतु संयुक्त भ्रमण एवं परीक्षण कार्य किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत समरिया के सरपंच, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड बैहर के सहायक यंत्री एवं रसायनज्ञ द्वारा ग्राम में स्थापित हैंडपंपों तथा नल-जल योजना के स्रोत नलकूपों का निरीक्षण किया गया।***

संयुक्त दल द्वारा एफटीके (फील्ड टेस्ट किट) के माध्यम से विभिन्न जल स्रोतों के नमूनों का परीक्षण कर पानी की गुणवत्ता की जांच की गई। परीक्षण के दौरान ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल के महत्व के बारे में जानकारी भी दी गई तथा जल स्रोतों की नियमित निगरानी एवं स्वच्छता बनाए रखने की समझाइश दी गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा बताया गया कि जल गुणवत्ता की नियमित जांच से ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में सहायता मिलती है तथा जलजनित बीमारियों की रोकथाम सुनिश्चित की जा सकती है।






**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।






जग प्रेरणा

# वारासिवनी कटंगी

● कायदी ● डोंगरमाली ● रामपायली ● खैरलांजी ● तिरोड़ी ● बोनकट्टा ● महकेपार



दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..
गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900

# वर्ष 2026 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत संपन्न..

जगप्रेरणा कटंगी।

***मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार मान्नीय श्रीमान प्राणेश कुमार प्राण प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट एवं मान्नीय सतीश शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट के***









निर्देशन में दिनांक 09 मई 2026 दिन शनिवार को वर्ष 2026 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन का शुभारंभ कार्यक्रम 10.30 बजे खण्डपीठ कं. 15 की पीठासीन अधिकारी शबाना खान न्यायिक मजि0 / अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति के द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र में माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उक्त नेशनल लोक अदालत के शुभारंभ कार्यक्रम में अध्यक्ष अधिवक्ता संघ श्री के. एस. पटले, श्री आनंद टेंभरे, टोपेश ठाकरे, श्री संजय खोब्रागडे, राजकुमार नंदागौरी, श्री जितेन्द्र ठाकुर, हिमांशु मोर लकेश गौतम, दिनेश मिश्रा एवं समस्त अधिवक्तागण सहित न्यायिक कर्मचारी श्री मधुसुदन नागेश्वर, श्री समीर बिसेन, हितेन्द्र गढपाल, मुरलीधर गौतम, श्री मुकेश उके, श्री देवेन्द्र ठाकरे, उमेश भगत, श्रीमती हेमलता चौधरी, नाजिर सनूप उईके, नवीन सोनकुसरे, सुनील डाकरे, सना खान, सरवन हथगैया, रकोर्ट मोहर्रिर छत्रपाल बघेल, अजय खंडाते, व्यवहार न्यायालय के समस्त अधिवक्तागण एव कटंगी, एवं तिरोडी के बैंको के अधिकारीगण, नगरपरिषद के कर्मचारीगण एवं समस्त पक्षकारगण उपस्थित थे।

आयोजित नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित 15 आपराधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें 40 लोग लाभान्वित हुये, पारिवारिक विवाद से संबंधित 03 लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें 09 लोग लाभान्वित हुये एवं धारा 138 चैंक बाउंस के 05 प्रकरणों का निराकरण राशि 8000000/- रूपये की राशि में राजीनामा किया गया जिसमें 07 लोग लाभान्वित हुये ।

बैंकों के वसूली हेतु लंबित प्रकरणों में 09 प्रकरणो का निराकरण किया गया जिसमें 1330000/- रूपये की वसूली की गई, नगरपरिषद के जलकर के 15 प्रकरणों का निराकरण जिसमें 110553/- रूपये की राशि वसूली की गई संपत्तिकर के 15 प्रकरणों में 959508/- रूपये एवं नजूल के 14 प्रकरणों का निराकरण 105560/- रूपये की राशि वसूली की गई।

आयोजित नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित प्रकरणों में राजीनामा किये जाने वाले पक्षकारगणों को पीठासीन अधिकारी शबाना खान न्यायिक मजि0 / अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति के द्वारा पौधे वितरित किया गया।

# बाल सखा अनुज तिवारी, एक ख्यातिनाम शायर

बालाघाट जिले के मूल निवासी, उर्दू, अरबी, फारसी, अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, मराठी आदि लगभग आठ भाषाओं के जानकार, कुशल ओजस्वी वक्ता, एवं हिंदुस्तान के मशहूर शायर जनाब अनुज तिवारी ÷जफर÷ का दुखद निधन विगत 8 मई 2026 को प्रातः काल 6 बजे हो जाने के शोक संदेश ने पूरे साहित्य जगत को हिला कर रख दिया।अनेकों हिंदी उर्दू कवि सम्मेलनों,मुशायरों में अपनी बुलंद आवाज और तरन्नुम में एक से बढ़कर एक शेर ,शायरी प्रस्तुत करने वाले मेरे बाल सखा अनुज तिवारी÷जफर÷ का यूं अचानक चिरनिंद्रा में चले जाना सभी साहित्य प्रेमियों, काव्य प्रेमियों को ,मित्र मंडलियों को, उच्च स्तरीय शायरी को पसंद करने वाले संवेदन शील इंसानों को शोकाकुल कर गया।

क्रमशः

अनुज तिवारी के निधन से प्रदेश और देश का साहित्य समाज, आयोजक समितियों को अत्यधिक दुख पहुंचा है ही अनेकों आत्मीय जनों मित्रों पारिवारिक सदस्यों को गहरा आघात लगा है।बचपन से ही हमारे साथ रहने वाला, हिंदुस्तान का ख्यातिनाम शायर ,कवि, गजलकार, अनुज तिवारी ÷जफर ÷ से अनुज तिवारी ÷गोविंद÷ तक की साहित्य यात्रा करते हुए इतने जल्दी साथ छोड़ देगा विश्वास ही नहीं होता।शासकीय बहुउद्देशीय उच्च माध्य.विद्यालय बालाघाट में सन लगभग 1971'72 में कक्षा 9 वीं में जब हम लोग( महेंद्र सुराना, छोगेंद्र पार धी, अजय केलकर, चंद्रेश खरे, इंद्रदेव पाले वार,अशोक नेमा,अश्विन,सुनील शर्मा, ) साथ साथ पढ़ते थे उन दिनों हम दोनों मातृ विहीन हो गए थे। दोनों अपनी अम्मा जी की याद कर कर के खूब रोते थे।इसी समय मां की याद में पहली कविता मैने तुकबंदी करके लिखा तो अनुज ने ही रो रोकर सुना था।हम दोनों ने 1972 - ,73 से ही साहित्य सृजन साथ साथ प्रारंभ किया। फिर मैं बालाघाट से नेवरगांव (कन्ज ई)चले गया वहां मेरे बाबूजी प्राचार्य थे। अनुज का साथ छूट गया तो दुबारा कालेज में ही मिला ।बाद में एम.ए.सी. टी.भोपाल में अनुज पढ़ने गया तो भोपाल के उन दिनों के नाम चीन शायरों जैसे कैफभोपाली, बसीर बद्र , की लाजवाब शायरी और महफिलों के संपर्क में आकर उर्दू , अरबी,फारसी पढ़ना लिखना दोनों में पारंगत हो गया।



अनुज के पिताजी स्वयं भी उर्दू,अरबी फारसी के जानकार थे, और उनका परिवार अमई (रामपायली खैरलांजी) का मूल निवासी एक जाना माना जमींदारी में ख्यातिनाम ,राजनीतिक, सामाजिक एवं मानवता वादी सनातन वैदिक धर्म संस्कृति एवं संस्कार से युक्त परिवार है।बड़े भाई साहब नीरज तिवारी जी कांग्रेस के आधार स्तंभ रहे।उनका स्नेह आज भी मिलता है।अंबुज भाई तो मेरे साथ विद्युत मंडल में साथ साथ ही कार्यरत थे ट्रेड यूनियन के जाने पहचाने लीडर थे।वे भी पहले ही वैकुंठ वासी हो गए।अनुज के साथ अनेकों काव्य गोष्ठियों, कवि सम्मेलनों में साथ साथ जाने देर रात तक साथ साथ आने के अनेकों अवसर मिले।बुलंद आवाज में ,ओजस्वी ,प्रभावी शब्दावली में सुर के साथ रचना या गज़ल जब अनुज प्रस्तुत करता तो भरपूर तालियों से सदन गूंज उठता।

कई बार वारासिवनी आकर मेरे निवास पर ही विश्राम करता साथ साथ भोजन करता और नई ग़ज़ल लिखता तो जरूर सुनाता था।उर्दू अरबी फारसी के जिन शब्दों का अर्थ मुझे नहीं मालूम था उसे अनुज ही उदाहरण सहित भावार्थ सहित अवश्य समझाता। आज एक बाल सखा, एक अच्छा और सच्चा मित्र, एक विख्यात और प्रख्यात हिंदुस्तानी शायर , भारत मां की पूजा करने वाला हिंदी साहित्य का श्रेष्ठ गीतकार, गजल कार, हम सभी मित्रों को छोड़ कर चिर निद्रा में लीन हो गया।प्रिय अनुज को विनम्र श्रद्धांजलि।ईश्वर उसकी आत्मा को मोक्ष प्रदान करे।उसकी आवाज में तो अनेकों मुक्तक, शेर गजलें बहुत सुना हूं अनुज की एक मशहूर गजल का शेर उसे ही समर्पित करते हुए यादों को समेटने की असफल कोशिश कर रहा हूं।

रोज पहाड़ों के पीछे ,क्यों सूरज जाया करता है।

रात बिताकर तारों के संग,
सुबह वो आया करता है।।
मां से बिछुड़े वर्षों बीते ,
फिर भी लगता है क्यूं ऐसा?
रोज ÷जफर ÷को थपकी देकर, कोई सुलाया करता है।।

लगता है अब अपना भोला अनुज मां की थपकी पाकर हमेशा के लिए सो गया। मेरी विनम्र श्रद्धांजलि समर्पित है।ईश्वर

शोकाकुल परिवार को इस गहन दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।□ शांति शांति शांति

प्रणय श्रीवास्तव 'अश्क'

# सतपुड़ा कॉलेज के सिविल एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा विद्यार्थियों का शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***सतपुड़ा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड पॉलिटेक्निक, बालाघाट के सिविल एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा विद्यार्थियों को शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण हेतु संजय सरोवर (ढूटी डैम) माइक्रो इरिगेशन प्रोजेक्ट, लामता ले जाया गया।***




भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को आधुनिक सिंचाई प्रणाली, **SCADA System, Centrifugal Pump, Vertical Turbine Pump, Power Transformer** एवं पाइपलाइन व्यवस्था की तकनीकी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 175 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना का कार्य वर्तमान में 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। इस अवसर पर एस.डी.ओ. श्री शिव अहिरवार ने विद्यार्थियों को परियोजना की कार्यप्रणाली एवं तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया।

इस भ्रमण में सिविल विभाग की ओर से मार्गदर्शक के रूप में श्री पंकज राव माहोरे (ह्यह्यह्व प्रोफ़ेसर ) एवं सुश्री ख़ुशी बिसेन व्याख्याता उपस्थित रहे साथ ही भ्रमण में पॉलीटेक्निक एवं बी.टेक. के सिविल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सिविल विभागाध्यक्ष श्री आशुतोष शुक्ला ने बताया की ऐसे भ्रमण समय-समय पर कराये जाते है जिससे विद्याथियो का सम्पूर्ण कौशल विकास होता है एवं भविष्य में भी ऐसे औद्योगिक भ्रमण कराये जाते रहेंगे।

# डायबिटीज के मरीजों के जीवन में मुस्कान लाने का प्रयास कर रही है मुस्कान ओपीडी

## बालाघाट जिला अस्पताल में टाइप-1 डायबिटीज मरीजों के लिए विशेष साप्ताहिक क्लिनिक

## हर शुक्रवार मिल रही निःशुल्क जांच, विशेषज्ञ परामर्श, इंसुलिन और ग्लूकोमीटर सुविधा

जगप्रेरणा बालाघाट।

***टाइप-1 डायबिटीज़ (ञ्ज1ष्ठ) से प्रभावित बच्चों और मरीजों की बेहतर देखभाल के उद्देश्य से जिला चिकित्सालय बालाघाट में एक सराहनीय पहल शुरू की गई है। जिला अस्पताल प्रशासन द्वारा मुस्कान ओपीडी में प्रत्येक शुक्रवार को विशेष ञ्ज1ष्ठ फॉलोअप क्लिनिक***







संचालित किया जा रहा है, जहाँ मरीजों को अनुभवी चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क उपचार, विशेषज्ञ परामर्श, मधुमेह शिक्षा तथा इंसुलिन उपलब्ध कराई जा रही है।

यह क्लिनिक प्रत्येक शुक्रवार सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित होता है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 08 मई को क्लिनिक का निरीक्षण कर वहां उपचार प्राप्त कर रहे बच्चों एवं चिकित्सकों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने टाइप-1 डायबिटीज़ से प्रभावित बच्चों को निःशुल्क ग्लूकोमीटर एवं इंसुलिन का वितरण भी किया। निरीक्षण के समय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप, सिविल सर्जन डॉ नीलय जैन, डॉ नीतेन्द्र रावतकर एवं डॉ राहुल गेडाम उपस्थित रहे।

## मरीजों और परिवारों के लिए राहत भरी पहल

जिला अस्पताल प्रशासन की यह पहल टाइप-1 डायबिटीज़ से प्रभावित मरीजों और उनके परिजनों के लिए किसी राहत से कम नहीं है। यह क्लिनिक न केवल बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा रहा है, बल्कि मरीजों और उनके परिवारों पर पडऩे वाले आर्थिक बोझ को भी कम कर रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार टाइप-1 मधुमेह एक स्व-प्रतिरक्षी (ह्लह्वह्लशद्बद्वद्वह्वठ्ठद्ग) बीमारी है, जिसमें शरीर में इंसुलिन का निर्माण बंद या अत्यंत कम हो जाता है। ऐसे मरीजों को जीवनभर नियमित इंसुलिन थेरेपी की आवश्यकता होती है। समय पर उपचार नहीं मिलने पर मधुमेह कीटोएसिडोसिस, गंभीर हाइपोग्लाइसीमिया एवं अन्य जटिलताओं का खतरा बना रहता है।

## एक ही स्थान पर मिल रही समग्र सुविधा

मुस्कान ओपीडी में संचालित यह साप्ताहिक क्लिनिक मरीजों के लिए बहु-विषयक सेवाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध करा रहा है। अब मरीजों एवं उनके परिजनों को अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते और न ही महंगे उपचार का बोझ उठाना पड़ता है।

प्रत्येक फॉलोअप में मिल रही निःशुल्क सेवाएं

क्लिनिक में पंजीकृत मरीजों को प्रत्येक मासिक फॉलोअप पर कई महत्वपूर्ण सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं, जिनमें वृद्धि एवं विकास की निगरानी सहित नियमित चिकित्सकीय परीक्षण, रक्त शर्करा की स्थिति के आधार पर इंसुलिन की डोज का निर्धारण एवं प्रबंधन, संभावित जटिलताओं की प्रारंभिक पहचान एवं आवश्यकता अनुसार मेडिकल कॉलेज रेफरल, एक माह की निःशुल्क इंसुलिन आपूर्ति , इंसुलिन लेने हेतु सीरिंज उपलब्ध कराना, ग्लूकोमीटर के साथ प्रतिमाह 100 टेस्ट स्ट्रिप्स उपलब्ध कराना एवं मधुमेह प्रबंधन एवं जीवनशैली संबंधी विशेषज्ञ परामर्श शामिल हैं।

जिला चिकित्सालय बालाघाट की यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं को जनहित से जोडऩे का उत्कृष्ट उदाहरण बन रही है। इससे टाइप-1 डायबिटीज़ से प्रभावित बच्चों और उनके परिवारों को न केवल बेहतर उपचार मिल रहा है, बल्कि उन्हें सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य की नई उम्मीद भी मिल रही है।

# नगर पालिका बालाघाट एवं वारासिवनी में नेशनल लोक अदालत का आयोजन..

## कर संबंधी प्रकरणों के निराकरण से लाखों रुपये की हुई वसूली..

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत आज 09 मई को नगर पालिका परिषद बालाघाट एवं नगर पालिका वारासिवनी में कर संबंधी प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया।***



इस दौरान संपत्तिकर, भवन-भूमि किराया एवं जलकर से संबंधित मामलों का निराकरण कर राजस्व वसूली की गई। नगर पालिका परिषद बालाघाट में प्रातः 10:30 बजे आयोजित नेशनल लोक अदालत में संपत्तिकर, भवन-भूमि किराया एवं जलकर से संबंधित कुल 774 प्रकरण रखे गए थे। इनमें संपत्तिकर के 172 तथा जलकर के 160 प्रकरणों का निराकरण किया गया। लोक अदालत के माध्यम से कुल 9 लाख 79 हजार 304 रुपये की राशि वसूल की गई। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सूर्य प्रकाश उके, राजस्व निरीक्षक, सभी वार्ड प्रभारी एवं सहायक कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी प्रकार माननीय न्यायालय परिसर वारासिवनी में भी प्रातः 10:30 बजे नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। यहां नगर पालिका वारासिवनी के संपत्तिकर, भवन-भूमि किराया एवं जलकर से संबंधित कुल 37 प्रकरण रखे गए थे, जिनमें से 28 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इस दौरान कुल 1 लाख 62 हजार 386 रुपये की राजस्व वसूली की गई। वारासिवनी में आयोजित लोक अदालत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, वार्ड प्रभारी एवं सहायक कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर करों का भुगतान कर लोक अदालत जैसी सुविधाओं का लाभ उठाएं और अनावश्यक दंड एवं ब्याज से बचें।



जग प्रेरणा

# लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

रवि अजीत किरनापुर

मो. 6261142145

विज्ञापन आमंत्रित है.. संपर्क - 9329033433

## कलेक्टर ने किरनापुर में सभी विभागों के खंड स्तरीय अधिकारियों की ली बैठक..

### कम प्रगति वाले कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश..





जगप्रेरणा किरनापुर।

***बालाघाट जिले के किरनापुर एवं लांजी विकासखंड में आज 09 मई को कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने सभी विभागों के खंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर***

शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश। जनपद पंचायत सभागार में आयोजित इन बैठकों में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे, श्री डी.पी. बर्मन, किरनापुर एसडीएम आदित्य नारायण तिवारी, लांजी एसडीएम कमल सिंहसार, किरनापुर जनपद सीईओ ममता कुलस्ते, लांजी जनपद सीईओ अंकित सिंघई सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय एवं खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में विधायक श्री राजकुमार कर्राहे ने क्षेत्र की समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी आम जनता के साथ अच्छा व्यवहार रखें तथा कार्यप्रणाली को लेकर किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर तैनात सभी विभागों के कर्मचारी सेवा भाव से आमजन के कार्य करें। साथ ही लांजी एवं किरनापुर में प्रत्येक तीन माह में इस प्रकार की समीक्षा बैठक आयोजित किए जाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने विधायक निधि एवं अन्य योजनाओं से स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने पर भी जोर दिया।

कलेक्टर श्री मीना ने स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान एएनएम, सीएमओ एवं अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति 'सार्थक एप' के माध्यम से दर्ज कराने तथा उसी के आधार पर वेतन आहरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को अपने कार्यस्थल से ही लॉग-इन एवं लॉग-आउट करना होगा तथा समय और स्थान की जानकारी भी एप में दर्ज होना चाहिए।

बैठक में सभी एएनएम एवं सीएचओ को गर्भवती माताओं का अनमोल पोर्टल पर पंजीयन कर चार बार एएनसी जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एएनसी पंजीयन में सबसे कम प्रगति वाले कर्मचारियों से जवाब-तलब किया गया। इस दौरान किरनापुर विकासखंड के ग्राम गोदरी, किन्ही, मोरवाही, खारा, मुंडेसरा, बटकरी, बोदालझोला तथा लांजी विकासखंड के संबंधित एएनएम एवं सीएचओ को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन एवं उपचार तथा 03 से 06 वर्ष के बच्चों के शाला पूर्व शिक्षा पंजीयन की समीक्षा भी की गई। कम प्रगति वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सात दिवस के भीतर सुधार लाने के निर्देश दिए गए। सेम श्रेणी के कुपोषित बच्चों को एमोक्सिसिलिन दवा उपलब्ध कराते हुए फूड बास्केट वितरण करने के निर्देश भी दिए गए।

राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान फार्मर रजिस्ट्री में कम प्रगति वाले पटवारियों किरनापुर के योगेश, रविकांत भारद्वाज, राहुल त्रिपाठी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत किसानों की फार्मर आईडी बनाने को कहा गया। पटवारियों को लैपटॉप अपडेट करने तथा खसरा बंटांकन के साथ नक्शा तरमीम का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। अविवादित नामांतरण, सीमांकन एवं बंटवारा प्रकरणों के समय-सीमा में निराकरण पर भी जोर दिया गया।

बैठक में पशु चिकित्सा विभाग की क्षीरधारा योजना, कामधेनु योजना, एफएमडी टीकाकरण एवं नर पशुओं के बधियाकरण की समीक्षा भी की गई। बैठक में नल-जल योजनाओं एवं बिजली आपूर्ति की भी समीक्षा की गई। उप संचालक कृषि को निर्देश दिए गए कि धान कटाई करने वाले हार्वेस्टर में फसल अवशेष नहीं छूटें, इसके लिए आवश्यक अटैचमेंट अनिवार्य रूप से लगाए जाएं।

### जनपद के सभागार में कलेक्टर की समीक्षा बैठक..

## लापरवाह कर्मचारियों को नोटिस, योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश..





जगप्रेरणा लांजी।

***जनपद पंचायत लांजी सभाकक्ष में शुक्रवार को कलेक्टर मृणाल मीना ने सभी विभागों के खंड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर शासकीय योजनाओं एवं***

कार्यक्रमों की प्रगति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। लांजी में 9 मई को आयोजित बैठक में विधायक राजकुमार कर्राहे भी शामिल हुए। जनपद पंचायत सभागार में आयोजित बैठकों में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ अपर कलेक्टर जी.एस. धुर्वे, डी.पी. बर्मन, लांजी एसडीएम कमलचंद सिंहसार, लांजी जनपद सीईओ अंकित सिंघई सहित सभी विभागों के जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में विधायक राजकुमार कर्राहे ने अधिकारियों से आम जनता के साथ बेहतर व्यवहार रखने और शिकायतों से बचने की बात कही। उन्होंने ग्राम स्तर पर तैनात कर्मचारियों को सेवा भाव से कार्य करने के निर्देश दिए तथा प्रत्येक तीन माह में समीक्षा बैठक आयोजित करने की आवश्यकता जताई। साथ ही विधायक निधि एवं अन्य योजनाओं से स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने पर जोर दिया।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने एएनएम, सीएमओ और अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति 'सार्थक एप' के माध्यम से दर्ज करने तथा उसी आधार पर वेतन आहरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को कार्यस्थल से ही लॉग-इन और लॉग-आउट करना होगा, जिससे समय और स्थान की जानकारी दर्ज हो सके।

बैठक में सभी एएनएम एवं सीएचओ को गर्भवती माताओं का अनमोल पोर्टल पर पंजीयन कर चार बार एएनसी जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एएनसी पंजीयन में कम प्रगति पाए जाने पर लांजी विकासखंड के संबंधित एएनएम एवं सीएचओ को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन एवं उपचार तथा 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के शाला पूर्व शिक्षा पंजीयन की समीक्षा करते हुए कम प्रगति वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सात दिवस में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। सेम श्रेणी के कुपोषित बच्चों को एमोक्सिसिलिन दवा एवं फूड बास्केट उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।

राजस्व विभाग की समीक्षा में फार्मर रजिस्ट्री कार्य में लापरवाही पाए जाने पर लांजी के पटवारी देवेंद्र शरणागत, कुलदीप नगपुरे, संजय कुमार पटले और रुखमणी बैगा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही एक सप्ताह में शत-प्रतिशत किसानों की फार्मर आईडी बनाने को कहा गया। पटवारियों को लैपटॉप अपडेट करने, खसरा बंटांकन और नक्शा तरमीम का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए।

ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा के दौरान लांजी की नक्सल प्रभावित ग्राम पंचायतों में रोजगार उपलब्ध कराने में लापरवाही पाए जाने पर घोटी, सर्रा, जुनेवानी, अंधियाटोला, नेवरवाही, कलपाथरी और चिचोली के ग्राम रोजगार सहायकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाएगी।

पशु चिकित्सा विभाग की समीक्षा में क्षीरधारा योजना, कामधेनु योजना, एफएमडी टीकाकरण और नर पशुओं के बधियाकरण कार्य में कम प्रगति पाए जाने पर पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी यशवंत लिल्हारे, आकांक्षा कर्राहे, सौरभ उईके और महेंद्र आसटकर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

उद्यानिकी विभाग की समीक्षा के दौरान अमेड़ा नर्सरी में मखाना खेती को बढ़ावा देने में अपेक्षित प्रयास नहीं करने पर संबंधित उद्यान विस्तार अधिकारी की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए। बैठक में नल-जल योजनाओं और बिजली आपूर्ति की भी समीक्षा की गई। उप संचालक कृषि को निर्देश दिए गए कि धान कटाई करने वाले हार्वेस्टर में फसल अवशेष रोकने वाले आवश्यक अटैचमेंट अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। वहीं लांजी एसडीएम को बिना अटैचमेंट वाले हार्वेस्टरों के विरुद्ध जप्ती कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

## नेशनल लोक अदालत में 32 प्रकरणों का निराकरण, 5 लाख 89 हजार 492 के अवार्ड पारित





जगप्रेरणा लांजी।

***राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मार्गदर्शन में शनिवार 9 मई 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।***

व्यवहार न्यायालय कनिष्ठ खंड लांजी में आयोजित इस लोक अदालत में कुल 32 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण कर 5,89,492 रुपये (पांच लाख उनासी हजार चार सौ बानवे) के अवार्ड पारित किए गए।

मुख्य न्यायाधिपति, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर की अध्यक्षता में प्रातः 10 बजे वर्चुअल मोड के माध्यम से नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन हुआ।

मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला न्यायालय बालाघाट के प्रधान जिला न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्राणेश कुमार प्राण एवं न्यायाधीश व सचिव सतीश शर्मा के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### तहसील न्यायालय लांजी में शानदार परिणाम..

तहसील न्यायालय लांजी की खंडपीठ संख्या 16 की न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी प्रीतम शाह द्वारा कुल 79 राजीनामा योग्य प्रकरण रेफर किए गए थे। इनमें लड़ाई-झगड़े, मारपीट, भरण-पोषण, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति, पारिवारिक विवाद, वैवाहिक विवाद और चेक बाउंस जैसे मामले शामिल थे। इनमें से 8 प्रकरणों का सफल निराकरण कर 3,50,000 रुपये (तीन लाख पचास हजार) के अवार्ड पारित किए गए।


### बैंक व विभागीय प्रीलिटिगेशन मामलों में भी जबरदस्त सफलता..

बैंक, नगरपालिका, फाइनेंस कंपनियों और बीएसएनएल विभाग के 1085 प्रीलिटिगेशन प्रकरण रखे गए। इनमें से 24 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 2, 39,492 रुपये (दो लाख उनतालीस हजार चार सौ बानवे) के अवार्ड पारित किए गए।

### कार्यक्रम में उपस्थिति..

लोक अदालत के दौरान अधिवक्तागण, बैंक कर्मचारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, न्यायालयीन कर्मचारी, पक्षकार तथा तहसील विधिक सेवा समिति लांजी के पैरालीगल वॉलंटियर बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## डीजे बंद कराने पर युवक पर हमला, दो भाइयों पर मामला दर्ज




जगप्रेरणा लांजी।

***ग्राम मोहझरी में शादी के कार्यक्रम से घर लौट रहे युवक को दो भाइयों ने जान से मारने की कोशिश की। डीजे बंद कराने पर गुस्साए दोनों भाइयों ने गाली-गलौज के बाद***

लकड़ी के डंडे से युवक के सिर पर इतना जोरदार वार किया कि सिर फट गया और खून बहने लगा। दोस्त बचाने पहुंचा तो उसे भी पीटा। आखिर में जान से मारने की धमकी देते हुए दोनों भाई चले गए।

### घटना 9 मई की रात करीब 2 बजे की..

प्रार्थी देवेश रावते (30 वर्ष), पिता ओमकार रावते निवासी मोहझरी ने पुलिस में जानकारी देते हुए बताया कि वह प्राइवेट कंपनी में सर्वेयर का काम करता है। गांव में रमेश आठोड़े के घर शादी थी, जिसमें वह भी शामिल था। खाना खाते समय गांव के दीप उरकुड़े और उसके भाई कान्हा उरकुड़े डीजे पर नाचते हुए आपस में वाद-विवाद करने लगे।

देवेश ने उन्हें समझाया और डीजे बंद करवा दिया, जिससे माहौल शांत हो गया। खाना खाकर वह अपने दोस्त अमन नाकतोड़े के साथ घर लौट रहा था। ग्राम की सेलर मशीन के पास पहुंचते ही दोनों भाई अचानक आ गए। अश्लील गालियां देते हुए कहा कि तूने डीजे बंद कराया था। जब देवेश ने उन्हें गालियां देने से मना किया तो दीप उरकुड़े ने हाथ में रखे लकड़ी के डंडे से देवेश के सिर पर जानलेवा वार कर दिया। वार इतना भीषण था कि सिर फट गया और खून बहने लगा।

देवेश का दोस्त अमन बचाव के लिए आगे बढ़ा तो दोनों भाइयों ने उसे भी हाथों-मुक्कों से बुरी तरह मारा-पीटा। जाते-जाते दोनों ने देवेश को खुलेआम धमकी दी- दोबारा झगड़ा किया तो जान से खत्म कर देंगे। पुलिस ने सूचना के आधार पर अपराध क्रमांक 157/26 के तहत धारा 296(बी), 115(2), 351(3), 109(1) और 3(5) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## कलेक्टर मीणा ने वारी जलाशय का किया निरक्षण मत्स्य पालन व केज कल्चर व्यवस्था का लिया जायजा..





जगप्रेरणा लांजी।

***कलेक्टर मृणाल मीना ने 09 मई को लांजी प्रवास के दौरान वारी जलाशय का निरीक्षण कर वहां संचालित मत्स्य पालन गतिविधियों एवं केज कल्चर व्यवस्था का जायजा लिया।***


निरीक्षण के दौरान उन्होंने मत्स्योद्योग विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पहले वारी जलाशय में अधिक संख्या में केज कल्चर स्थापित किए जाएं।

कलेक्टर मीना ने कहा कि वारी जलाशय में मत्स्य पालन की अपार संभावनाएं हैं। बड़े स्तर पर केज कल्चर विकसित होने से स्थानीय लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इच्छुक लोगों से आवेदन प्राप्त कर उन्हें योजना से जोड़ने की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाए।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ लांजी एसडीएम कमलचंद सिंहसार, सहायक संचालक मत्स्योद्योग पूजा रोडगे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




## पांडरी पाठ मंदिर में 13 को शिवम महाराज का होगा आगमन, मंदिर परिसर में हो रही भव्य तैयारियां..





जगप्रेरणा लांजी।

***धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध लांजी क्षेत्र में वर्षभर विभिन्न धार्मिक आयोजन होते रहते हैं। इसी कड़ी में क्षेत्र के ग्राम वारी स्थित मां पांडरी पाठ मंदिर में 13 मई को भव्य धार्मिक आयोजन होने जा रहा है।***

इस अवसर पर पंडित शिवम जी महाराज का मंदिर परिसर में भव्य आगमन होगा, जिसे लेकर श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

मंदिर समिति एवं आयोजकों द्वारा 'जय श्री राम' और 'जय मां पांडरी' के उद्घोष के साथ क्षेत्रभर में आमंत्रण दिया जा रहा है। आयोजन को लेकर विशेष तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है तथा भक्तों के स्वागत के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

बताया गया है कि मां पांडरी पाठ मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हैं। विशेष बात यह है कि जिले में सर्वाधिक मनोकामना ज्योति कलश इसी मंदिर में स्थापित किए जाते हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि मां पांडरी के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

कार्यक्रम के दौरान भक्तों को पंडित शिवम जी महाराज के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सोमग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433

जग प्रेरणा

# साहित्य / अभिव्यक्ति

● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## मदर्स डे : ममता, त्याग और सृजन की अनश्वर गाथा..

'माँ' – यह केवल एक शब्द नहीं, बल्कि सम्पूर्ण सृष्टि का सबसे मधुर, पवित्र और भावनात्मक अनुभव है। इस एक शब्द में प्रेम की सरिता बहती है, त्याग की तपस्या झलकती है और वात्सल्य का अथाह सागर समाया रहता है। संसार में यदि किसी संबंध को निःस्वार्थ, निष्कलंक और दिव्य कहा जा सकता है, तो वह माँ का संबंध है। ईश्वर हर स्थान पर स्वयं उपस्थित नहीं रह सकता था, इसलिए उसने माँ की रचना की। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में माँ को देवत्व का स्थान प्रदान किया गया है – ÷मातृ देवो भवः÷।

मई माह के दूसरे रविवार को मनाया जाने वाला मदर्स डे केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि माँ के अथाह प्रेम, अनगिनत त्यागों और अनवरत संघर्षों के प्रति श्रद्धा अर्पित करने का दिवस है। यह वह अवसर है जब संतान अपनी माँ के चरणों में कृतज्ञता के पुष्प अर्पित करती है और स्वीकार करती है कि उसके जीवन का प्रत्येक प्रकाश माँ के आशीर्वाद से ही आलोकित है।

माँ जीवन की प्रथम गुरु होती है। शिशु जब इस संसार में प्रथम बार आँखें खोलता है, तब वह माँ के स्नेहिल स्पर्श और मधुर स्वर से ही संसार का परिचय प्राप्त करता है। माँ की गोद वह प्रथम पाठशाला है जहाँ बच्चा बोलना, चलना, मुस्कुराना और प्रेम करना सीखता है। उसकी उँगली पकड़कर ही वह जीवन-पथ पर चलना आरम्भ करता है। माँ केवल शरीर को जन्म नहीं देती, बल्कि संस्कारों, मूल्यों और मानवता को भी जन्म देती है।

माँ का जीवन त्याग और तपस्या की एक अनवरत कथा है। वह स्वयं कष्ट सहकर भी अपने बच्चों के लिए सुखों का संसार रचती है। उसकी रातें बच्चों की चिंता में कटती हैं और उसके दिन परिवार की सेवा में बीतते हैं। वह कभी अपनी इच्छाओं को महत्व नहीं देती, क्योंकि उसकी सबसे बड़ी खुशी अपने बच्चों की मुस्कान में बसती है। माँ वह दीपक है जो स्वयं जलकर अपने परिवार के जीवन को प्रकाशमान करती है।

कवि, साहित्यकार और दार्शनिक सदियों से माँ की महिमा का गुणगान करते आए हैं। महान कवि मैथिलीशरण गुप्त ने लिखा है –

'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी'

अर्थात् माँ और मातृभूमि स्वर्ग से भी महान हैं।

वास्तव में माँ का हृदय करुणा और वात्सल्य का ऐसा मंदिर है जहाँ कभी द्वेष या स्वार्थ का स्थान नहीं होता। संतान चाहे कितनी ही भूल कर दे, माँ का हृदय सदैव क्षमा और प्रेम से भरा रहता है।

आज का आधुनिक युग भौतिक उपलब्धियों और व्यस्तताओं का युग बन चुका है। लोग सफलता की दौड़ में इतने व्यस्त हो गए हैं कि परिवार और संबंधों के लिए समय कम पड़ने लगा है। ऐसे समय में मदर्स डे हमें यह स्मरण कराता है कि जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति हमारी माँ है। हम अक्सर अपनी माँ से प्रेम तो करते हैं, परंतु उसे शब्दों में व्यक्त नहीं कर पाते। यह दिवस हमें अवसर देता है कि हम माँ के त्यागों को याद करें, उनके प्रति अपना सम्मान प्रकट करें और उन्हें यह एहसास दिलाएँ कि वे हमारे जीवन की सबसे अनमोल धरोहर हैं।

मदर्स डे पर बच्चे अपनी माँ को उपहार, पुष्प, शुभकामना-पत्र अथवा कविताएँ देकर अपना प्रेम व्यक्त करते हैं। किंतु माँ के लिए सबसे बड़ा उपहार भौतिक वस्तुएँ नहीं, बल्कि अपने बच्चों का स्नेह, आदर और समय होता है। माँ को केवल यह विश्वास चाहिए कि उसके बच्चे उसे समझते हैं, उसका सम्मान करते हैं और उसके त्यागों को कभी नहीं भूलेंगे।

भारतीय संस्कृति में माँ को शक्ति, करुणा और सृजन का प्रतीक माना गया है। दुर्गा, सरस्वती और लक्ष्मी जैसी देवियों के रूप में भी मातृत्व की ही उपासना की जाती है। माँ केवल परिवार की आधारशिला नहीं होती, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण की भी प्रथम प्रेरणा होती है। एक संस्कारी माँ अपने बच्चों में नैतिक मूल्यों और मानवता का बीजारोपण करती है, जिससे एक श्रेष्ठ समाज का निर्माण होता है।

मदर्स डे हमें यह संदेश देता है कि माँ का सम्मान केवल एक दिन तक सीमित नहीं होना चाहिए। माँ का प्रेम निरंतर और अनंत होता है, इसलिए हमारा सम्मान और कृतज्ञता भी निरंतर होनी चाहिए। हमें उनके स्वास्थ्य, भावनाओं और खुशियों का ध्यान रखना चाहिए। वृद्धावस्था में उन्हें अकेला छोड़ देना या उनकी उपेक्षा करना मानवता के सबसे बड़े अपराधों में से एक है। जिस माँ ने अपने बच्चों की खुशियों के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया, उसकी सेवा और सम्मान करना प्रत्येक संतान का प्रथम कर्तव्य है।

अंततः यही कहा जा सकता है कि माँ जीवन का वह मधुर संगीत है जिसकी धुन से सम्पूर्ण संसार आनंदित होता है। माँ का प्रेम ईश्वर के आशीर्वाद का प्रत्यक्ष स्वरूप है। मदर्स डे केवल उत्सव नहीं, बल्कि उस दिव्य शक्ति को नमन करने का अवसर है जिसने हमें जीवन दिया, संस्कार दिए और हर परिस्थिति में हमें आगे बढ़ने का साहस दिया।

'माँ वह छाया है, जिसके आँचल तले जीवन के सभी दुःख छोटे लगने लगते हैं; और माँ वह दीप है, जिसकी रोशनी कभी मंद नहीं पड़ती।'

लेखक



हरीश नाग
चांगोटोला, बालाघाट

## 'समाज को विस्तार दें'..

आओ मिलकर, समाज को विस्तार दें।
समरस भावना के, स्वरों को आकार दें।
जातिवाद,भाषावाद; संकीर्णता नष्ट कर।
मानव को प्रेम की, शीतल जलधार दें।
मज़हबी कट्टरता में, उलझे जो लोग हैं।
प्रेमपंथ सिखलाकर, उन्हें पावस की फुहार दें।
जो राह भटक, तंग रास्तों
से निकल नहीं पा रहे।
उन्हें दिशाबोध कराने,
लाकर नवद्वार दें।
जो मुस्कुराकर,
उमंग-गीत गा रहे।
उन्हें साथ देने,
इक नई सितार दें।
क्यों बाँट रहे,
समाज को खण्ड-खण्डों में।
मानव को एककर,
मानवीय समाज दें।
'यमुनेश्वरी' की लेखनी,
दे रही नवचेतना।
आओ सभी मिलकर,
इक नई बहार दें।

रचनाकार



वल्लभ यमुनेश्वरी
नैनपुर

## भारतीय संस्कृति..

भारतीय संस्कृति
वेश भेष के लिए लड़े
विश्व में हम नम्बर
वन रेस के लिए लड़े।
कुछ नहीं मिलता
जाति-धर्म पर लड़कर,
चलो सब मिलकर
अब देश के लिए लड़े।



संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट

## माँ तो माँ होती है..

माँ तो माँ होती है
संतानों की मुस्कानों में
माँ की जां होती है।।

माँ ही ईश्वर, माँ ही पूजा
माँ से बढ़कर
कोई न दूजा
पानी है गर तुझे सफलता
तो माँ के चरणों
को छू जा।
मंदिर, मस्जिद,
गुरुद्वारे में
मूरत ऐसी कहाँ होती है।
माँ तो माँ होती है।।

माँ गंगा की निश्छल धारा
माँ जीवन की तारणहारा
माँ की ममता, माँ की
क्षमता
जिसका मिलता नहीं
किनारा।
पापी हो या हो पुण्यात्मा
गर्भ में बोझा माँ ढोती है।
माँ तो माँ होती है।।


माँ सूरज सी आलोकित है
माँ में चंदा सी शीतलता
माँ में सागर सी गहराई
आंचल से है
अमृत छलकता।
गंगा, यमुना,
सरस्वती माँ
माँ गीता, कुरआं होती है
माँ तो माँ होती है।।

जीवन पथ जो
दिखलाती है
माँ तेरी हर बात सुहानी
साथ अगर माँ का छूटे तो
हो जाता जीवन तूफानी
बच्चों की जां माँ होती है
माँ बच्चों की जां होती है।
माँ तो माँ होती है।।

दिग दिगन्त में,
माँ अनंत में
अंतहीन माँ तेरी कहानी
अब तो स्मृतियों में तू है
और मेरी आँखों में पानी
साया सर से उठ जाए तो
दुनियाँ भी वीरां होती है।
माँ तो माँ होती है।।

शशि तिवारी
गोंदिया

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 161



ck;s ls nk;s& 1) प्राचीन काल के एक राजा जिन्होने सर्पयज्ञ किया था। 4) व्यर्थ बातचीत करना 10) इस फिल्म में दो सुपर स्टार अमिताभ बच्चन और राजेश खन्ना आमने सामने थे 15) ओठ 16) कदर करनेवाला 17) जपान का निवासी 19) मिठाईयां बनानेवाला 21) ठोस, जोरदार 22) कृति, बनावट 23) सत्य 25) कोलकाता का पुराना नाम 27) जिस शब्द के अंत में ईकार हो 29) बोझ से भरना 31) बुनाई 32) हुनर, फन 34) रखवाली 36) जिसका कोई स्तर ना हो 38) कृत्रिम जलमार्ग 39) एक ही काल के 40) महानगर पालिका का संक्षिप्त रुप 42) मूल्य, भाव 43) विपत्ति 44) रंग (अं.) 45) ऐंठना, मसलना 47) किसी के मत की पुष्टि 49) कर्तार का अपभ्रंश रुप 51) अभियोग, इल्जाम 53) एक संख्या 54) एक जलचर पक्षी 56) पत्र, चिट्ठी 57) दान करनेवाला 59) लोग 60) व्याकरण में छठवां कारक 62) मांग पुरी होने तक दरवाजे पर बैठ जाना, पकड़ना 64) दरबान 66) विकराल, भयंकर, विशाल, दुर्गम 67) नृत्य 68) सनसनाने का भाव 70) एक ऋतु 71) जागरण, जागने की क्रिया 72) दिलीप कुमार की पुरानी फिल्म आन की हीराईन 73) रेडिओ सिलोन पर कुछ वर्ष पूर्व बहुचर्चित कार्यक्रम बिनाका गीत माला बाद में इस नाम से प्रसारित होता था 74) चेतने की या सावधान होन की सूचना 77) कश्मीर में इस स्थान पर मुहम्मद साहब का बाल सुरक्षित रखा गया है 81) उस समय 82) लाभ, कल्याण 86) प्रस्थान 85) बड़ा शहर 87) पत्र (उर्दू) 88) बड़ी कड़ाही 89) फंसना, उलझना 91) खड्ग 94) नवीन 95) प्रत्येक 96) पूरा, सब 97) बुध कौशिक ऋषीद्वारा रचित भगवान राम का एक संस्कृत स्तोत्र100) पैर, ओहदा 101) न्यायालय 102) परंतु (अंग्रजी ) 103) सही 104) संसार 105) रक्षा करनेवाला 107) आयु 108) सीमा, गोल घेरा, क्षेत्र 111) यात्रा 112) एक सूर्यवंशी राजा जिन्होने घोर तप करके गंगा को पृथ्वी पर लाया था 113) आदर – अनादर 114) रणधीर कपूरद्वारा अभिनीत एवं निर्देशित इस फिल्म में स्व. राज कपूर की अहम् भूमिका थी

Aij ls uhps&1) भारत की गुलाबी नगरी 2) मेलमिलाप 3) बलवान, प्रबल 4) दुश्चरित्र, दुराचारी 5) बनाना, रचना 6) वचन, इकरार 7) सनसनाने का भाव 8) छुट्टी, अनुमति 9) अपवित्र 11) महत्व, बड़ाई 12) बीता हुआ या आनेवाला दिन 13) हवा में उड़ने वाला 14) थोड़ी सी बात को बहुत बढ़ाना इस अर्थवाला मुहावरा 16) हाथ 18) नीले रंग का कमल 20) बीच का काल या स्थान 24) चामर 26) फनकार, अदाकार 28) रास्ता 30) एक देवर्षि 31) जुलाहा 33) लाक्षणिक दृष्टि से सर्वस्व 35) लोगों का विचार 37) हीरा नामक रत्न 39) विस्मित होना या हिचकिचाना 40) विदूषक, हंसोड़ 41) महाभारत में अर्जुन का एक संबोधन 43) औलाद 46) अनुस्वार के समान उच्चारित होनेवाला शब्द48) गायब, लुप्त 50) कपड़े धोनेवाला, धोबी 51) भूमि, संपत्ती का विभाजन, बंटवारा 52) किनारा, तट, रुकावट 55) छल 58) पानी 60) दो वर्णों या जातियों का किया गया मिश्रण 61) बनानेवाला, निर्माण करनेवाला 63) रसयुक्त, रसीला 64) चार धामों में से गुजरात राज्य में स्थित एक धाम 65) सामर्थ्य 66) बड़ा (अंग्रेजी) 68) प्रशंसा 69) हड़बड़ाने की क्रिया या भाव 70) जवानी, यौवन काल 71) पुरानी फिल्मों के एक सफल हास्य अभिनेता जिन्होने अपनी ही नाम की एक फिल्म में अदाकारी की थी 73) जुल्म 74) राणा प्रताप के घोड़े का नाम 75) दूल्हा 76) जन श्रुति, लोकनिन्दा, जनरव 78) जमानत देनेवाला 79) पर्यन्त 80) पानी की तरंग 82) जर्मनी का एक भूतपूर्व तानाशाह शासक 84) गाना 86) अगर का संक्षिप्त रुप 89) भारत का एक मुगल बादशाह 90) अप्रसन्नता92) झपककर पकड़ना, झट से हाथ फैलाना 93) मुक्त हस्त से बिना किसी स्वार्थ के दूसरों को अपनी मौल्यवान चीज या धन देनेवाला 96) सोने चांदी का व्यापारी 98) एक जलचर प्राणी 99) लवण रस, खार, शोरा 101) शांति, आराम 102) युद्ध, लड़ाई, अधम 103) एक यात्री गाड़ी (अंग्रजी ) 106) माफी 107) पार्वती 109) मृत्यु देवता 110) एक चिकना, मुलायम तथा पिघलनेवाला पदार्थ(जवाब अगले अंक में)

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | दा | न | प्र | दा | न | | दा | द | र | ना | ग | र | ह | वे | ली | | क | रा | मा | त |
| स | ह | म | ति | | म | हो | द | य | | | र | ग | र | ग | | ब | ड़ा | | न | |
| मा | | क | श | म | क | श | | नी | ल | | ज | ड़ | ना | | भा | र | | प | व | न |
| न | भ | | त | र | ह | | आ | य | क | र | | ना | | स | | ग | ज | रा | | खा |
| | य | म | | दा | रा | सिं | ग | | | क | था | | अ | ह | म | द | न | ग | र | |
| द | | श | ब | न | म | | म | र | ह | म | | ब | रा | म | द | | मे | | ज | ब |
| र | | वि | रा | गी | | म | न | ह | र | | स | हे | ज | ना | | रा | ज | धा | नी | |
| अ | वि | रा | म | | भा | नु | | म | का | न | मा | लि | क | | सं | ज | य | | | खू |
| स | दा | | द | ला | ल | | म | दि | रा | | ज | या | | ना | ग | | | वा | ह | न |
| ल | | ब | गी | चा | | अ | न | ल | | र | वा | | हि | म | | न | दा | र | द | |
| | ख | ग | | र | नि | वा | स | | आ | म | द | नी | | ले | प | | ग | दा | | रु |
| | ब | दा | | | क | म | ब | ख्त | | णी | | य | म | वा | ह | न | | त | र | स |
| श | र | द | | भा | ट | | दा | | जू | | पा | त | क | | रा | ख | ना | | ई | |
| | दा | | द | र | | प | र | दा | न | शी | न | | र | स | | रे | | नु | स | खा |
| वि | र | ह | | त | | ह | | मा | | त | दा | पि | | ब | र | बा | द | | जा | ति |
| घ्न | | वा | म | | पो | र | बं | द | र | | न | क | ली | | | ज | वा | ब | दा | र |

anumeya-08446302691



# खेल / मनोरंजन





## खेल मंत्रालय से संपर्क करने के बाद एआईसीएफ ने गुप्ता को पुरस्कार राशि देने का आश्वासन दिया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*भारतीय ग्रैंडमास्टर अभिजीत गुप्ता ने इस साल की शुरुआत में ओडिशा ओपन शतरंज टूर्नामेंट की खिताबी पुरस्कार राशि नहीं मिलने पर निराशा व्यक्त की और खेल मंत्रालय से इस मामले में हस्तक्षेप करने के बाद उन्हें अखिल भारतीय*



शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) से आश्वासन मिला है कि इस मुद्दे का समाधान किया जाएगा। एआईसीएफ ने कहा कि उनकी पुरस्कार राशि का भुगतान करने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। शतरंज ओलंपियाड के पदक विजेता और पांच बार के राष्ट्रमंडल चैंपियन गुप्ता ने बार-बार एआईसीएफ को इस संबंध में पत्र लिखा लेकिन इसके बावजूद खिताब जीतने के चार महीने बाद भी उन्हें पुरस्कार राशि नहीं मिली। लेकिन एआईसीएफ की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस कारण उन्होंने खेल मंत्रालय से हस्तक्षेप की गुहार की।

सूत्रों के अनुसार ओडिशा शतरंज संघ में आंतरिक कलह चल रही है और उसका बैंक खाता फ्रीज हो गया है, जिससे आयोजक बकाया राशि का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। गुप्ता ने 'एक्स' पर लिखा, 'मैं खेल मंत्रालय से विनम्र अनुरोध करता हूं कि वह इस मामले पर गौर करे और यह सुनिश्चित करने में मदद करे कि खिलाड़ियों को पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ उनकी उचित पुरस्कार राशि मिले।' उन्होंने कहा, 'यह केवल एक पुरस्कार राशि का मामला नहीं है। यह भारत के प्रत्येक शतरंज खिलाड़ी की गरिमा और विश्वास से जुड़ा मामला भी है।'

अभिजीत ने जनवरी में यह प्रतियोगिता जीती थी और उनका दावा है कि आयोजकों पर उनका 5.5 लाख रुपये का बकाया है। हालांकि बाद में उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि एआईसीएफ के अध्यक्ष नितिन नारंग ने उन्हें आश्वासन दिया है कि इस मामले का निपटारा किया जाएगा। गुप्ता ने लिखा, 'एआईसीएफ के अध्यक्ष नितिन नारंग ने मुझे फोन करके आश्वासन दिया कि जरूरी कदम उठा दिए गए हैं।' उन्होंने इससे पहले कहा था, 'मैंने इस साल जनवरी में ओडिशा ओपन का खिताब जीता था। आयोजकों ने मुझे आश्वासन दिया था कि पुरस्कार राशि एक महीने के अंदर भुगतान कर दी जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

इसके बाद जब मैंने उनसे इस बारे में पूछताछ की तो उन्होंने जवाब देना बंद कर दिया।' गुप्ता ने कहा, 'जीत और हार एक खिलाड़ी के सफर का हिस्सा हैं लेकिन दुख तब होता है जब आप जीत जाते हैं और फिर भी आपको वह नहीं मिलता जिसके आप हकदार हैं।'

एआईसीएफ के एक सूत्र ने बताया कि ओडिशा ओपन के आयोजक गुप्ता को भुगतान नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि राज्य संघ के भीतर चल रहे आंतरिक कलह के कारण उनका बैंक खाता फ्रीज कर दिया गया था। सूत्र ने बताया, 'राज्य संघ के भीतर आपसी कलह चल रही है, प्रतिद्वंद्वी गुट आपस में विवाद में उलझे हुए हैं, जिसके कारण खाता फ्रीज कर दिया गया है और खिलाड़ियों को उनका बकाया नहीं मिल रहा है।'

## कैंसर से हुई मां की मौत, बीमारी पर ध्यान न देने पाने का आज भी है पछतावा, एक्टर ने खुद को बताया गुनहगार..

डेस्क जगप्रेरणा।

*टीवी एक्टर राजीव खंडेलवाल, जो 25 साल से ज्यादा समय से एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का हिस्सा हैं। वह 90 के दशक के मशहूर टीवी शो 'कहीं तो होगा' में आमना शरीफ के साथ सुजल का किरदार निभाकर मशहूर हुए थे।*



हाल ही में एक्टर ने बताया कि उन्हें अपनी दिवंगत मां की मौत का आज भी पछतावा है। उन्होंने कहा कि उनकी मां को ओवेरियन कैंसर था, लेकिन वो कैंसर के शुरुआती लक्षणों को सही समय पर समझ नहीं पाए थे, जिसका उन्हें अब तक पछतावा है। राजीव खंडेलवाल का कहना है कि वह अपनी मां की मौत का खुद को दोषी मानते हैं।

### मां की मौत के लिए खुद को जिम्मेदार मानते हैं एक्टर..

तुम हो ना के एक एपिसोड में राजीव ने कहा, 'मैं काफी हद तक खुद को दोषी समझता हूं, क्योंकि मम्मी को जो लक्षण हुए थे तब मैं समझ नहीं पाया... ये शो भारत के सारी महिलाओं को समर्पित है, इसलिए मैं आप सब से कहना चाहूंगा अगर आप में से किसी को भी कभी पीठ में दर्द हो। आपकी अगर भूख कम हो जाए, आपके पेट में कुछ ब्लोटिंग हो, गैस हो और वो लंबे समय से हो रहा है तो प्लीज जा के अपना टेस्ट कराइए।'

### ओवेरियन कैंसर से हुई मां की मौत..

इसके अलावा राजीव खंडेलवाल ने बताया कि अगर ओवेरियन कैंसर का पता जल्दी चल जाए तो इसे कंट्रोल किया जा सकता है, लेकिन उन्हें इस बात का अफसोस है कि वे अपनी मां के लिए ऐसा नहीं कर पाए। उन्होंने शो के दौरान दर्शकों और कंटेस्टेंट्स दोनों से अपील की कि वे अपने आस-पास की महिलाओं का ख्याल रखें।

### राजीव खंडेलवाल का हिट करियर..

लगभग एक दशक के ब्रेक के बाद राजीव खंडेलवाल गेम शो 'तुम हो ना' के साथ टेलीविजन पर वापस लौटे। राजीव अपने हिट शो 'कहीं तो होगा' से घर-घर में पहचाने जाने वाला नाम बन गए, जिसने उन्हें रातों-रात स्टार बना दिया। उनका किरदार 'सुजल' पूरे देश का चहेता बन गया। इसके बाद एक्टर ने और भी कई टीवी शो में काम किया और बाद में फिल्मों और ओटीटी प्रोजेक्ट्स की ओर रुख किया। उन्हें 'टाइम बम 9/11', 'सुन लेना', 'लेफ्ट राइट लेफ्ट' और 'रिपोर्टर्स' जैसे शो के लिए जाना जाता है। साल 2008 में उन्होंने फिल्म 'आमिर' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इसके बाद वह 'शैतान', 'साउंडट्रैक', 'टेबल नंबर 21' और 'सम्राट एंड कंपनी' जैसी फिल्मों में नजर आए।

## नीरू महिला ट्रैप में सातवें स्थान पर रहीं, आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में भारत के पदक का सूखा जारी..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*नीरू धांडा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप की महिला ट्रैप स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई, लेकिन वह सातवें स्थान पर रहकर बाहर हो गईं।*



इसके साथ ही प्रतियोगिता में भारत का पदक का इंतजार शनिवार को भी जारी रहा। पिछले वर्ष कजाखस्तान के शिमकेंट में आयोजित एशियाई चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली 25 वर्षीय नीरू आठ निशानेबाजों के फाइनल में सबसे पहले बाहर होने वाली खिलाड़ियों में शामिल रहीं। वह शुरुआती 10 निशानों के एलिमिनेशन चरण में केवल सात निशाने साध सकीं।

ऑस्ट्रेलिया की पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पेनी स्मिथ ने 30 में 30 का परफेक्ट स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीतने के साथ विश्व रिकॉर्ड भी बनाया। स्पेन की फातिमा गाल्वेज ने 25 अंक के साथ रजत पदक जीता, जबकि स्लोवाकिया की दिग्गज निशानेबाज जुजाना रेहाक स्टेफेचकोवा ने कांस्य पदक अपने नाम किया। नीरू ने पांच निशानों की दूसरी सीरीज में सभी निशाने साधे, लेकिन शुरुआती सीरीज में तीन निशाने चूकने का नुकसान वह पूरा नहीं कर सकीं। फाइनल में पदक जीतने वाली तीनों खिलाड़ी ओलंपिक पदक विजेता थीं।

इससे पहले क्वालीफिकेशन दौर में नीरू ने अंतिम दो राउंड में 23 और 25 का स्कोर करते हुए कुल 116 अंक जुटाए और आईएसएसएफ प्रतियोगिताओं में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया। पिछले दो वर्षों में यह उनका दूसरा विश्व कप फाइनल था। इससे पहले वह पिछले साल लोनेटो विश्व कप में चौथे स्थान पर रही थीं।

भारत की अन्य निशानेबाज मनीषा कीर ने 112 अंक के साथ 26वां और प्रगति दुबे ने 111 अंक के साथ 29वां स्थान हासिल किया। पुरुष ट्रैप स्पर्धा में शपथ भरद्वाज 118 अंकों के साथ भारत के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज रहे और 16वें स्थान पर रहे। अहवर रिजवी 115 अंकों के साथ 39वें और विवान कपूर 114 अंकों के साथ 55वें स्थान पर रहे। मार्च में टैंजियर में आयोजित आईएसएसएफविश्व कप से भी भारतीय शॉटगन दल खाली हाथ लौटा था। अब भारत को रविवार को होने वाली ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में पदक की उम्मीद रहेगी।

## रामायण का 'केवट' जिसने धोए श्रीराम के चरण, 200 नाटकों में काम के बाद भी पहचान को तरसा एक्टर, गुमनामी में हुई मौत..

डेस्क जगप्रेरणा।

*रामानंद सागर की 'रामायण' 80 के दशक में आया ये पौराणिक धारावाहिक अपने समय का सबसे सफल शो था और आज भी दर्शकों के बीच इसकी जबरदस्त पॉपुलैरिटी है। आज भी ये धारावाहिक टीवी के इतिहास के सबसे सफल पौराणिक धारावाहिकों में से एक है।*

यहां तक कि जेन जी भी इसे सबसे बेहतरीन शोज में से एक मानते हैं। इस धारावाहिक ने कई कलाकारों को पहचान दी, उनका करियर संवारा। अरुण गोविल ने प्रभु श्रीराम की भूमिका निभाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया तो वहीं दीपिका चिखलिया ने माता सीता के किरदार में जान फूंक दी। अरविंद त्रिवेदी ने रावण तो सुनील लहरी ने लक्ष्मण की भूमिका से सुर्खियां बटोरी। लेकिन, इस धारावाहिक का एक कलााकर ताउम्र स्टारडम को तरसता रहा और गुमनामी में ही इस दुनिया को छोड़ गया। यहां बात हो रही है केवट की भूमिका में नजर आए अभिनेता कौस्तुभ त्रिवेदी की।

### 200 नाटकों में किया काम..

कौस्तुभ त्रिवेदी ने 'रामायण' में एक केवट का किरदार बहुत ही खूबसूरती से निभाया था। जिस भक्ति भाव के साथ वह प्रभु श्रीराम के चरण धोते हैं और उन्हें सरयू नदी पार कराते हैं, वह देखकर कोई भी भक्ति भाव में डूब जाए। कौस्तुभ त्रिवेदी ये किरदार इतनी खूबसूरती से शायद इसीलिए निभा सके, क्योंकि उन्हें अभिनय में महारत हासिल थी। वह थिएटर की दुनिया का जाना-माना नाम थे, लेकिन इसके बाद भी वह शोबिज की दुनिया में वो स्टारडम हासिल नहीं कर पाए, जिसके उन्होंने सपने संजोए थे।



### गुजराती सिनेमा के दिग्गज नाम..

कौस्तुभ त्रिवेदी सिनेमा की दुनिया का भी बड़ा नाम थे और 'रामायण' में केवट की भूमिका में भी दर्शकों पर छाप छोड़ने में सफल रहे। उन्होंने बतौर थिएटर आर्टिस्ट काभी शोहरत हासिल की,लेकिन टीवी और बड़े पर्दे पर वो कमाल नहीं दिखा सके। उन्होंने एक थिएटर आर्टिस्ट और प्रोड्यूसर के तौर पर करीब 200 नाटकों में काम किया और गुजराती थिएटर की दुनिया का मशहूर नाम बने, लेकिन शोबिज की दुनिया में वो ये कमाल नहीं दिखा सके। उन्होंने जिस तरह रामायण में केवट के किरदार में जान फूंकी, उसे देखकर लगा था कि वह अभिनय की दुनिया का चमकता सितारा बनेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका और जैसे ही रामायण ऑफ एयर हुआ, कौस्तुभ भी जैसे कहीं गायब हो गए।

### एक्टिंग से नाता तोड़ बने प्रोड्यूसर..

बताया जाता है कि रामायण के खत्म होने के बाद कौस्तुभ ने अभिनय से नाता तोड़ दिया और नाटक प्रोड्यूस करने लगे। उन्होंने करीब 25 साल तक गुजराती थिएटर में अपना दबदबा कायम रखा। वहीं बीते साल ही उन्हें लेकर एक बुरी खबर आई थी। कौस्तुभ ने मई 2025 में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। बढ़ती उम्र की समस्याओं के चलते उनका निधन हो गया, जिससे पूरी इंडस्ट्री में मातम पसर गया था।

## विनेश फोगाट वापसी करने से पहले मुश्किलों में घिरी, WFI ने जारी किया कारण बताओ नोटिस; 14 दिन के अंदर देना है जवाब..

डेस्क जगप्रेरणा।

*भारतीय महिला रेसलर विनेश फोगाट की मुश्किलें अब बढ़ती हुई नजर आ रही हैं, जिसमें भारतीय कुश्ती महासंघ यानी WFI ने उन्हें 9 मई को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, जिसमें उनसे कई सवालों के जवाब मांगे गए हैं।*

**WFI** ने जो ये नोटिस जारी किया उसमें उन्होंने विनेश फोगाट पर अनुशासनहीनता और डोपिंग विरोधी नियमों के उल्लंघन के आरोपों के बारे में उनसे जवाब मांगा है। इसके अलावा विनेश फोगाट को भारतीय कुश्ती महासंघ ने जून 2026 में होने वाले घरेलू टूर्नामेंट में वापसी पर भी रोक लगा दी है जिसमें उनको अयोग्य घोषित कर दिया गया है क्योंकि संन्यास से वापसी के बाद जरूरी छह महीने का नोटिस पीरियड उन्होंने नहीं दिया।

### WFI ने फोगाट को भेजा 15 पन्नों का नोटिस..

विनेश फोगाट को **WFI** ने 15 पन्नों का कारण बताओ नोटिस जारी किया है, जिसमें उनपर आरोप लगाया गया है कि उनके आचरण की वजह से भारतीय कुश्ती की छवि को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा उन्होंने **WFI** संविधान, **UWW** एंटी डोपिंग नियम 2015 का उल्लंघन किया है। भारतीय कुश्ती महासंघ ने विनेश फोगाट से चार आरोपों में उनका जवाब मांगा जिसमें साल 2024 में पेरिस ओलंपिक में निर्धारित सीमा में उनका वजन ना पाया जाना भी शामिल था, जिसके चलते वह अयोग्य घोषित हो गई थी।



वहीं **UWW** की तरफ से पहले ही ये साफ कर दिया गया था कि यदि विनेश को फ्हिर से रेसलिंग में वापसी करनी है तो उन्हें कम से कम छह महीने पहले आईटीए या इंटरनेशनल फेडरेशन इसके बारे जानकारी देनी होगी। इसके साथ ही उनको एंटी-डोपिंग टेस्टिंग के लिए उपलब्ध रहना होगा क्योंकि वाडा नियम 5.6.1 के अनुसार कोई भी खिलाड़ी यदि लंबे समय तक डोप टेस्टिंग सिस्टम से बाहर रहता है तो वह सीधे किसी भी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सकता है।

### अभी 26 जून तक वापसी नहीं कर पाएंगी विनेश..

कारण बताओ नोटिस का जवाब देने के लिए **WFI** ने विनेश फोगाट को 14 दिनों का समय दिया है और साथ ही ये भी साफकर दिया कि वह 26 जून तक किसी भी घरेलू टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सकती हैं। इसमें प्रमुख तौर पर 10 से 12 मई तक गोंडा में होने वाले नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट शामिल है, जिसको लेकर उम्मीद की जा रही थी कि विनेश इस टूर्नामेंट के जरिए फिर से रेसलिंग में वापसी कर सकती हैं।

## सोनम कपूर और आनंद आहूजा ने अपने दूसरे बेटे का नाम रखा 'रुद्रलोख', जानिए क्या है इसका अर्थ..

डेस्क जगप्रेरणा।

*पावर कपल सोनम कपूर और आनंद आहूजा ने अपने बेटे का नाम रुद्रलोख कपूर आहूजा रखा है। शनिवार, 09 मई को एक्ट्रेस सोनम ने इंस्टाग्राम पर अपने नन्हे राजकुमार के साथ परिवार की पहली फोटो शेयर की और*



अपने दूसरे बेटे का नाम का मतलब भी रिवील किया है। इस कपल ने अपने परिवार की कुछ खूबसूरत तस्वीरें भी शेयर कीं और अपने दूसरे बेटे की झलक भी फैंस को दिखाई। जैसे ही सोनम कपूर ने अपने दूसरे बेटे के नाम का खुलासा किया। सोशल मीडिया यूजर्स और बॉलीवुड सेलेब्रिटीज ने उनकी पोस्ट पर जमकर प्यार लुटाया। चलिए यहां जानते है सोनम और आनंद के बेटे के नाम का क्या मतलब है?

### सोनम-आनंद ने दूसरे बेटे का नाम क्यों रखा 'रुद्रलोक कपूर आहूजा'..

कैप्शन में सोनम कपूर ने लिखा, 'उस दिव्य शक्ति की भावना में, जिसने एक बार फिर हमारी जिंदगी बदल दी है। एकादशी के पवित्र दिन, भगवान विष्णु की कृपा से जन्मा हमारा दूसरा बेटा, हमें एक संकेत, एक कर्मिक जुड़ाव, अपने भाई के साथ एक दिव्य जोड़ी और एक ऐसा आशीर्वाद लगता है, जिसका हम तहे दिल से सम्मान करते हैं। प्यार और कृतज्ञता के साथ हम 'रुद्रलोक कपूर आहूजा' का स्वागत करते हैं।'

### क्या है 'रुद्रलोख' का अर्थ..

'रुद्रलोख' का मतलब समझाते हुए सोनम कपूर ने अपने कैप्शन में लिखा, 'वेदों में रुद्र शब्द 'रुद' मूल से आया है, जिसका मतलब है 'गरजना' वह सबसे शक्तिशाली हैं। वह जो दुख को उसके जड़ से ही खत्म कर देता है... तूफानों, सांस, उपचार और नए जीवन के पीछे की दिव्य शक्ति।' रुद्रलोख और अपने पहले बेटे वायु आहूजा के नाम के बीच के जुड़ाव के बारे में बात करते हुए उन्होंने आगे कहा, 'वह वायु से गहराई से जुड़ा है- वह प्राण जो सभी जीवों में प्रवाहित होता है। हमारा पहला बच्चा विष्णु का नाम धारण करता है, जो जीवन के पालनहार हैं।'

सोनम कपूर ने अंत में लिखा, 'रुद्र के साथ, एक पवित्र निरंतरता उभरती है। सांस और शक्ति। संरक्षण और परिवर्तन। एक दूसरे को मजबूत बनाता है। अपने नाम की तरह ही, रुद्र भी निडर, दयालु, गहरी समझ रखने वाला और शक्ति व प्रकाश का एक स्रोत बने। आपके प्यार और आशीर्वाद के लिए आभार सहित- सोनम, आनंद, वायु और रुद्र।'

### सोनम और आनंद के कितने बच्चे हैं?

सोनम और आनंद, जिनकी शादी 2018 में हुई थी। उन्होंने 2022 में अपने पहले बच्चे वायु का स्वागत किया। इस कपल ने 29 मार्च, 2026 को अपने दूसरे बच्चे रुद्रलोख कपूर आहूजा के जन्म की खुशखबरी दी थी।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता



रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# कम उपलब्धता के कारण सोयाबीन तिलहन और बिनौला तेल में सुधार..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***मंडियों में उपलब्धता की कमी और सुस्त कारोबार के बीच शनिवार को देश के बाजारों में सोयाबीन तिलहन और बिनौला तेल के दाम में सुधार आया। दूसरी ओर कमजोर***

मांग की वजह से मूंगफली तेल-तिलहन, आयातकों द्वारा लागत से नीचे दाम पर बिकवाली के कारण सोयाबीन तेल, सुस्त कामकाज के बीच कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम गिरावट दर्शाते बंद हुए। सुस्त कामकाज के बीच सरसों तेल-तिलहन के भाव स्थिर बने रहे।

बाजार सूत्रों के अनुसार, मंडियों में बिनौले की उपलब्धता नगण्य है। ठीक यही हाल सोयाबीन का भी है। अगर सोयाबीन का कुछ स्टॉक भी है तो वह सरकारी एजेंसियों के पास या किसानों के पास है जो संभल-संभल कर बाजार भाव पर अपना माल बेच रहे हैं। सोयाबीन के तेल-रहित खल (डीओसी) की भी स्थानीय मांग है। यह भी तथ्य है कि पिछले कई वर्षो से परेशान हाल किसानों को इस बार सोयाबीन के अच्छे दाम मिले हैं जिससे आगे इसकी खेती का रकबा बढ़ने के आसार दीखते हैं।

उन्होंने कहा कि ऊंचे भाव पर लिवाली प्रभावित रहने की वजह से मूंगफली तेल-तिलहन, लागत से नीचे दाम पर आयातकों की बिकवाली के बीच सोयाबीन तेल, शनिवार को कामकाज सुस्त रहने के कारण सीपीओ एवं पामोलीन तेल के दाम में गिरावट देखी गई। इनके कारोबार के रुख के बारे में अब सोमवार को पता लगेगा।

सूत्रों ने कहा कि शनिवार को सुस्त कामकाज के बीच सरसों तेल-तिलहन के दाम स्थिर रहे।

### तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे :

सरसों तिलहन - 7,000-7,725 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,650-7,125 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,750 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,500-2,800 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 14,350 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,400-2,500 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,400-2,545 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,675 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,575 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,250 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,625 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 15,250 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,400 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,275 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 6,950-7,000 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 6,600-6,675 रुपये प्रति क्विंटल।

# भारत-ईयू साझेदारी बेहद मजबूत, मोदी का 'यह युद्ध का युग नहीं' संदेश यूरोपीय मूल्यों के अनुरूपः राजदूत



नई दिल्ली, (भाषा)।

***यूरोपीय संघ (ईयू) के राजदूत हर्वे डेल्फिन ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ की साझेदारी असीमित, महत्वाकांक्षी और प्रगतिशील है तथा दोनों पक्षों ने अपने संबंधों को गुणात्मक और रणनीतिक दृष्टि से पूरी तरह नए स्तर पर पहुंचा दिया है।***

डेल्फिन ने एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'यह युद्ध का युग नहीं है' वाला संदेश यूरोप के मूल्यों और पहचान के साथ गहराई से मेल खाता है।

उन्होंने करीब साढ़े तीन महीने पहले आयोजित भारत-ईयू शिखर सम्मेलन को एक महत्वपूर्ण पड़ाव बताते हुए कहा कि प्रतीकात्मकता, सार्थकता और रणनीतिक महत्व के मेल से ऐतिहासिक परिणाम सामने आए।

डेल्फिन ने कहा, ''हमने अपने संबंधों को गुणात्मक और रणनीतिक दृष्टि से पूरी तरह नए स्तर पर पहुंचा दिया है। भारत-यूरोपीय संघ साझेदारी असीमित, महत्वाकांक्षी और प्रगतिशील है।'' उन्होंने कहा कि यह उपलब्धियां दोनों पक्षों के नेताओं के बीच राजनीतिक विश्वास और प्रतिबद्धता के बिना संभव नहीं थीं।

यूरोप दिवस समारोह के दौरान डेल्फिन ने कहा कि अगले पांच वर्षों के लिए संयुक्त रणनीतिक एजेंडा, महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर वार्ता का समापन, सुरक्षा एवं रक्षा साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर और आवागमन संबंधी व्यापक ढांचे को अंतिम रूप देना शिखर सम्मेलन की प्रमुख उपलब्धियां रहीं।

उन्होंने कहा, ''भारत और यूरोपीय संघ वैश्विक स्थिरता और समृद्धि के लिए काम करने वाले विश्वसनीय साझेदार हैं।''

दोनों पक्षों के बीच मुक्त व्यापार समझौते को सभी व्यापारिक सौदों की जननी के रूप में देखा जा रहा है। राजदूत ने कहा, ÷हम पहले से ही भारत के प्रमुख व्यापारिक साझेदार हैं। एफटीए लागू होने के बाद, हमें उम्मीद है कि अगले वर्षों में हमारा द्विपक्षीय व्यापार दोगुना हो जाएगा।÷

आर्थिक आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि लगभग 6,000 यूरोपीय कंपनियां भारत में करीब 60 लाख रोजगार सृजित कर रही हैं। यूरोपीय संघ, एक ब्लॉक के रूप में, वस्तुओं के मामले में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत का ईयू के साथ कुल वस्तु व्यापार लगभग 136 अरब डॉलर रहा। उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध का उल्लेख करते हुए कहा कि युद्ध भारी मानवीय पीड़ा और आर्थिक नुकसान का कारण बनते हैं। डेल्फिन ने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी का 'यह युद्ध का युग नहीं है' वाला संदेश यूरोप के मूल्यों और पहचान से गहराई से मेल खाता है।''

# 'सभी के लिए बीमा' के लक्ष्य को आगे बढ़ा रही पीएमजेजेबीवाईः एलआईसी सीईओ..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक आर. दुरईस्वामी ने शुक्रवार को कहा कि 'प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना' (पीएमजेजेबीवाई) सरकार के 'सभी के लिए बीमा' लक्ष्य को हासिल करने में अहम भूमिका निभा रही है।***

दुरईस्वामी ने इस योजना की 11वीं वर्षगांठ की पूर्व-संध्या पर कहा, ÷वर्ष 2015 में योजना की शुरुआत के समय देश की केवल लगभग 20 प्रतिशत आबादी तक ही किसी न किसी तरह का बीमा कवर था। यह अंतर ऐसे बीमा उत्पादों की कमी को दर्शाता था जो कम आय वर्ग तक की पहुंच में हों, उनकी भुगतान क्षमता के अनुरूप हों और जिन तक लोग अपने मौजूदा माध्यमों के जरिए आसानी से पहुंच सकें।÷ पीएमजेजेबीवाई एक-वर्षीय टर्म बीमा योजना है, जिसके तहत 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के बैंक खाताधारकों को दो लाख रुपये का जीवन बीमा कवर मिलता है। इसमें किसी भी कारण से मृत्यु होने पर लाभ दिया जाता है और पहले से मौजूद बीमारियों को लेकर कोई अपवाद नहीं है। दुरईस्वामी ने कहा कि सरकार की वित्तीय समावेशन की यात्रा चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ी। इसके लिए वर्ष 2014 में 'प्रधानमंत्री जन धन योजना' शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य हर नागरिक को बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराना था। उन्होंने कहा, ÷बैंक खाता इस ढांचे की नींव था और इसके एक वर्ष बाद नौ मई 2015 को प्रधानमंत्री द्वारा तीन योजनाएं एक साथ शुरू की गई, जिन्होंने इस नींव पर वित्तीय सुरक्षा की संरचना खड़ी की।÷ उन्होंने बताया कि पीएमजेजेबीवाई जीवन बीमा सुरक्षा देती है, 'प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना' दुर्घटना एवं दिव्यांगता कवर देती है और 'अटल पेंशन योजना' असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की सेवानिवृत्ति सुरक्षा सुनिश्चित करती है। दुरईस्वामी ने कहा कि ये तीनों योजनाएं मिलकर 'जन सुरक्षा त्रिमूर्ति' बनाती हैं, जो कम आय वाले परिवारों के विभिन्न जोखिमों के अलग-अलग पहलुओं को कवर करती हैं।

# गुजरात ने नवीकरणीय ऊर्जा ग्रिड को स्थिर बनाने के लिए 870 मेगावाट बैटरी भंडारण नेटवर्क विकसित किया..



गांधीनगर, (भाषा)।

***गुजरात ने नवीकरणीय ऊर्जा ग्रिड की स्थिरता बनाए रखने के लिए राज्य में पांच स्थानों पर कुल 870 मेगावाट क्षमता वाली बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) की शुरुआत की है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।***

बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली सौर और अन्य नवीकरणीय स्रोतों से उत्पादित बिजली को संग्रहित करने के लिए जरूरी मानी जाती है। इससे अतिरिक्त बिजली भार का प्रबंधन करने और ग्रिड की स्थिरता बनाए रखने में मदद मिलती है।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, गुजरात ने अहमदाबाद, गांधीनगर, बनासकांठा, पाटन और कच्छ जिलों में अतिरिक्त बैटरी भंडारण प्रणाली स्थापित करने के लिए 13 परियोजनाएं भी पंजीकृत की हैं। विज्ञप्ति में कहा गया कि भारत के पहले सौर गांव मोढेरा में देश की पहली ऐसी बीईएसएस प्रणाली शुरू की गई है, जिसे सौर ऊर्जा संयंत्र के साथ एकीकृत किया गया है।

विज्ञप्ति में कहा गया, ÷मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में गुजरात ने इस दिशा में लगातार प्रगति की है और भारत में बैटरी भंडारण प्रणाली को बढ़ावा देने वाले अग्रणी राज्यों में अपनी स्थिति मजबूत की है।÷ इसमें कहा गया कि हाल ही में अहमदाबाद जिले के सानंद तालुका स्थित चारल में एक बैटरी भंडारण प्रणाली शुरू की गई है। वहीं, मेहसाणा के मोढेरा और कच्छ के लाखपत में चार प्रणालियां पहले से संचालित हैं।

राज्य सरकार ने गुजरात एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा नीति-2025 में उन्नत ऊर्जा भंडारण प्रणालियों को एक प्रमुख घटक के रूप में शामिल किया है।

इसके तहत स्वतंत्र बैटरी भंडारण परियोजनाओं, नई नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं से जुड़ी प्रणालियों और मौजूदा नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों के साथ एकीकृत परियोजनाओं को मंजूरी दी जा रही है।

विज्ञप्ति के अनुसार, मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को मंजूरी मिलने के बाद वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए बैटरी भंडारण पंजीकरण खोले जाएंगे। इससे उन्हें अपनी सौर या पवन ऊर्जा परियोजनाओं के साथ बैटरी भंडारण प्रणाली स्थापित करने की सुविधा मिलेगी।

# अशोक कुमार पंडा ने सेल के सीएमडी का कार्यभार संभाला



नई दिल्ली, (भाषा)।


***अशोक कुमार पंडा ने शनिवार को स्टील अथॉरिटी ऑफइंडिया लिमिटेड (सेल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।***

वह इससे पहले कंपनी के निदेशक (वित्त) के रूप में काम कर रहे थे और इस दौरान लगभग नौ महीनों तक उनके पास निदेशक (वाणिज्यिक) का अतिरिक्त प्रभार भी रहा। एक बयान के अनुसार पंडा ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीई करने के बाद 1992 में प्रबंधन प्रशिक्षु (तकनीकी) के रूप में सेल में अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्हें परिचालन, वित्तीय और वाणिज्यिक क्षेत्रों में व्यापक अनुभव मिला है।

निदेशक (वित्त) के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान पंडा ने प्रचालन दक्षता और समग्र लाभप्रदता में सुधार लाने के लिए कई रणनीतिक पहलों का नेतृत्व किया। उनके प्रयासों में तकनीकी पहलों को बढ़ावा देना, उत्पादन स्तर को बढ़ाना और मानव संसाधन तथा वित्त से संबंधित प्रमुख नीतियों को बेहतर करना शामिल रहा।

सीएमडी के रूप में कार्यभार संभालने के बाद पंडा ने कंपनी की तात्कालिक प्राथमिकताओं के बारे में कहा, ''सेल अपनी क्षमता को 3.5 करोड़ टन सालाना तक बढ़ाने के लिए विस्तार के अगले चरण की ओर अग्रसर है। विस्तार के साथ ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता सभी कार्यस्थलों पर सुरक्षा सुनिश्चित करना रहेगी। अपनी वृद्धि आकांक्षाओं को पूरा करने लिए घरेलू खनन को बढ़ावा देने और विदेशी संपत्तियों की खोज के जरिये से कच्चे माल की सुरक्षा को मजबूत करना बेहद महत्वपूर्ण है।''

# उद्योग जगत ने शुभेंदु अधिकारी के मुख्यमंत्री बनने पर जताई पश्चिम बंगाल में तेज वृद्धि की उम्मीद..



कोलकाता, (भाषा)।

***उद्योग जगत के दिग्गजों ने शनिवार को शुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी और राज्य में वृद्धि के नए दौर की उम्मीद जताई।***

आरपीजी समूह के चेयरमैन संजीव गोयनका ने इसे पश्चिम बंगाल के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया और कहा कि राज्य को शुभेंदु अधिकारी से काफी उम्मीदें हैं।

गोयनका ने कहा कि उनका पश्चिम बंगाल से भावनात्मक जुड़ाव है और वह राज्य के विकास में हरसंभव योगदान देने के इच्छुक हैं। आईटीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संजीव पुरी ने भी शुभेंदु अधिकारी और नवगठित मंत्रिपरिषद को शुभकामनाएं दीं। पुरी ने विश्वास जताया कि नए नेतृत्व में राज्य वृद्धि और समृद्धि के नए दौर का साक्षी बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र का विकसित भारत का दृष्टिकोण राज्य की प्रगति के लिए प्रेरणा का काम करेगा।

पुरी ने कहा, ÷कोलकाता मुख्यालय वाले एक भारतीय समूह के रूप में आईटीसी पिछले एक सदी से अधिक समय से राज्य से जुड़ा हुआ है। कृषि, विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में अपनी बढ़ती मौजूदगी के जरिए कंपनी राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास की यात्रा में साझेदार बनने के लिए प्रतिबद्ध है।÷

भारत चैंबर ऑफकॉमर्स (कोलकाता) के अध्यक्ष नरेश पचीसिया ने शपथ ग्रहण को सिर्फ संवैधानिक बदलाव नहीं बल्कि बंगाल की प्रगति, समृद्धि, स्थिरता और नए विश्वास की दिशा में एक नए अध्याय की शुरुआत बताया। उन्होंने कहा कि चुनावी जनादेश उन लाखों लोगों की आकांक्षाओं को दर्शाता है, जिन्होंने विकास, पारदर्शी शासन, औद्योगिक पुनरुत्थान, रोजगार सृजन और सामाजिक सौहार्द पर आधारित भविष्य में विश्वास जताया है।

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

**बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।**

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433

|| श्री जीणमाता की जय ||
|| जय गुलाब बाबा नमः ||
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)




विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433


## युवती ने कोल्ड ड्रिंक समझकर गलती से पी लिया तेजाब

## 8 महीने तक लड़ी जिंदगी और मौत की जंग, जानें कैसे बची जान..



डेस्क जगप्रेरणा।

***यूपी के कानपुर से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया। यहां एक युवती की जिंदगी उस वक्त पूरी तरह बदल गई, जब उसने गलती से कथित तौर पर कोल्ड ड्रिंक समझकर तेजाब पी लिया।***

एक छोटी सी लापरवाही ने उस युवती को मौत के मुहाने तक पहुंचा दिया। तेजाब पीने के बाद युवती की खाने की नली और गला बुरी तरह झुलस गया। हालत इतनी गंभीर हो गई कि वह खाना तो दूर, पानी तक नहीं निगल पा रही थी। लगातार कमजोरी बढ़ने से उसका वजन घटकर महज 29 किलो रह गया था। करीब आठ महीने तक चले कठिन इलाज और कई मेडिकल प्रक्रियाओं के बाद अब युवती धीरे-धीरे सामान्य जिंदगी की ओर लौट रही है।

### डॉक्टर ने क्या बताया?

कानपुर के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के गैस्ट्रो विभागाध्यक्ष डॉ विनय कुमार के अनुसार, युवती ने घर में रखी बोतल को कोल्ड ड्रिंक समझकर पी लिया था। लेकिन उस बोतल में तेजाब भरा हुआ था। तेजाब शरीर के अंदर पहुंचते ही गले और खाने की नली को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा गया। शुरुआत में सामान्य उपचार दिया गया, लेकिन कुछ ही दिनों बाद उसकी परेशानी बढ़ने लगी।

डॉक्टरों ने बताया कि धीरे-धीरे युवती की खाने की नली सिकुड़ने लगी। स्थिति इतनी खराब हो गई कि उसे भोजन निगलने में असहनीय दर्द होने लगा। बाद में हालत यह हो गई कि वह पानी तक नहीं पी रही थी। लगातार भूख और कमजोरी की वजह से उसका वजन तेजी से गिरने लगा और वह बेहद कमजोर हो गई। जानकारी के अनुसार जिस युवती के साथ ये घटना हुई वो उन्नाव की रहने वाली बताई जा रही है।

घटना के बाद उसे कानपुर के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की टीम ने लंबे समय तक उसका इलाज किया। करीब आठ महीने तक एंडोस्कोपी के जरिए कई बार 'डायलेटर' प्रक्रिया अपनाई गई, जिससे उसकी खाने की नली को धीरे-धीरे चौड़ा किया गया। लगातार निगरानी, दवाओं और उपचार के बाद आखिरकार उसकी हालत में सुधार आने लगा।

डॉक्टरों के मुताबिक अब युवती का वजन बढ़कर करीब 45 किलो हो चुका है और वह सामान्य तरीके से खाना-पीना शुरू कर चुकी है। डॉक्टरों ने इस घटना को लेकर लोगों को बड़ी चेतावनी भी दी है। उनका कहना है कि घरों में टॉयलेट क्लीनर, तेजाब या अन्य खतरनाक केमिकल कभी भी पानी या कोल्ड ड्रिंक की बोतलों में नहीं रखने चाहिए। अक्सर लोग गलती से इन्हें पी लेते हैं, जिससे जानलेवा हादसे हो सकते हैं। डॉक्टरों ने अपील की है कि ऐसे केमिकल हमेशा सुरक्षित स्थान पर और बच्चों की पहुंच से दूर रखें, क्योंकि एक छोटी सी लापरवाही किसी की पूरी जिंदगी बर्बाद कर सकती है। इस मामले में युवती का इलाज करने वाले डॉक्टर मनीष कुमार का बयान भी सामने आया है।

## भारत ने 'अग्नि' मिसाइल के उन्नत संस्करण का परीक्षण किया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारत ने एक उन्नत अग्नि मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है जो कई पेलोड से अलग-अलग लक्ष्यों पर एकसाथ हमला करने में सक्षम है। इससे भारत उन चुनिंदा शक्तिशाली देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है जिनके पास ऐसी उन्नत रणनीतिक मिसाइल तकनीक मौजूद है।***



रक्षा मंत्रालय के अनुसार, 'मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेड री-एंट्री व्हीकल' (एमआईआरवी) सिस्टम से लैस मिसाइल का परीक्षण शुक्रवार को ओडिशा के एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया। एमआईआरवी सुविधा से एक ही मिसाइल कई अस्त्रों से अलग-अलग लक्ष्यों पर एकसाथ हमला करने में सक्षम होती है।

हालांकि मंत्रालय ने कहा कि एमआईआरवी तकनीक से लैस उन्नत अग्नि मिसाइल का उड़ान परीक्षण किया गया, लेकिन आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह अग्नि-5 मिसाइल थी और यह परीक्षण 'मिशन दिव्यास्त्र' के तहत एमआईआरवी तकनीक की जांच के लिए किया गया था। अग्नि-5 मिसाइल का एमआईआरवी प्रणाली के साथ पहला परीक्षण पिछले साल मार्च में किया गया था।

रक्षा मंत्रालय ने कहा, 'भारत ने आठ मई को ओडिशा स्थित एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से एमआईआरवी प्रणाली से लैस उन्नत अग्नि मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मिसाइल का कई 'पेलोड' के साथ परीक्षण किया गया, जिसमें हिंद महासागर के एक बड़े भौगोलिक क्षेत्र में फैले विभिन्न लक्ष्यों को निशाना बनाया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिसाइल के सफल परीक्षण पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), भारतीय सेना और संबंधित उद्योग भागीदारों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इससे बढ़ते खतरे के मद्देनजर देश की रक्षा तैयारियों को अभूतपूर्व मजबूती मिलेगी।

मंत्रालय ने बताया कि मिसाइल या परीक्षण की निगरानी और उसकी गतिविधियों का पता लगाने का काम जमीन पर स्थित तथा जहाज़ों पर लगे कई ट्रैकिंग स्टेशन द्वारा किया गया। मंत्रालय ने कहा, 'इन प्रणालियों ने मिसाइल के प्रक्षेपण से लेकर सभी पेलोड के लक्ष्य पर गिरने तक के पूरे पथ की निगरानी की। उड़ान डेटा से परीक्षण के दौरान सभी मिशन उद्देश्य पूरे होने की पुष्टि हुई।'

मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'इस सफल परीक्षण के साथ, भारत ने एक बार फिर एक ही मिसाइल प्रणाली का उपयोग करके कई रणनीतिक लक्ष्यों को निशाना बनाने की क्षमता का प्रदर्शन किया है।' यह मिसाइल डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं द्वारा उद्योगों के सहयोग से विकसित की गई है। मंत्रालय के अनुसार, परीक्षण के दौरान डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिक और भारतीय सेना के कर्मी उपस्थित थे।

अग्नि-5 मिसाइल की मारक क्षमता 5,000 किलोमीटर तक है। अग्नि 1 से 4 मिसाइल की मारक क्षमता 700 किलोमीटर से 3,500 किलोमीटर तक है और इन्हें पहले ही तैनात किया जा चुका है। अप्रैल 2024 में, भारत ने अपनी महत्वाकांक्षी बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा कार्यक्रम के तहत, बंगाल की खाड़ी में ओडिशा तट के पास एक जहाज से एक एंडो-एटमॉस्फेरिक इंटरसेप्टर मिसाइल का पहला सफल परीक्षण किया था।

समुद्र आधारित इस मिसाइल के परीक्षण का उद्देश्य शत्रु बैलिस्टिक मिसाइल के खतरे को रोकना और उसे निष्क्रिय करना था, जिससे भारत इस तरह की क्षमता रखने वाले विशिष्ट देशों की सूची में शामिल हो सके। भारत पृथ्वी के वायुमंडलीय सीमाओं के अंदर और बाहर दोनों जगह शत्रु बैलिस्टिक मिसाइल को रोकने की क्षमता विकसित कर रहा है।

## शादी समारोह में मिठाई खाना बन गई सबसे बड़ी गलती!

## स्वाद के चक्कर में 100 से ज्यादा लोगों की तबीयत बिगड़ी..



डेस्क जगप्रेरणा।

***राजस्थान के कोटपूतली-बहरोड़ से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक शादी समारोह में मिठाई खाना लोगों को महंगा पड़ गया है। मिठाई खाकर यहां बच्चों समेत 100 लोगों की तबीयत बिगड़ गई है और पीड़ितों को हॉस्पिटल में एडमिट करवाना पड़ा है।***

### क्या है पूरा मामला?

मामला राजस्थान के कोटपूतली-बहरोड़ जिले में शुक्रवार का है। यहां एक शादी समारोह में मिठाइयां खाकर 100 से ज्यादा लोगों की तबीयत खराब हो गई, जिसमें कई लोगों को हॉस्पिटल ले जाना पड़ा। घटना विराटनगर इलाके के ढाणी गैसकान में हुई। मिठाई खाने के बाद लोगों को उल्टी और पेट दर्द की समस्या होने लगी, जिसके बाद आनन-फानन में उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया। करीब 105 ग्रामीण पीड़ित बताए जा रहे हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक, शादी समारोह में बनी मिठाइयां बांटी जा रही थीं। ऐसे में 105 लोगों ने मिठाई चखने के बाद उल्टी और पेट दर्द की शिकायत की। बीमारों को आतेला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एडमिट करवाया गया, जिनमें से कुछ लोगों की हालत बिगड़ने से उन्हें शाहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

### अधिकारी ने क्या बताया?

इस मामले में उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि ज्यादातर मरीज खतरे से बाहर हैं और उन्हें छुट्टी दे दी गई है। वहीं खाद्य सुरक्षा विभाग ने खाद्य पदार्थों के नमूने लिए हैं और उनकी जांच के लिए उन्हें लेबोरेटरी भेजा गया है।

उन्होंने ये भी बताया कि जैसे ही ये मामला प्रकाश में आया तो सीनियर अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे और मामले की जांच शुरू की जा चुकी है। जानकारों का कहना है कि गर्मी के मौसम में अगर आप कुछ भी बाहर खा रहे हैं तो उसे जांच-परख लें। साफ-सफाई से बनी हुई चीजें ही खरीदें और खुले हुए खाने से बचें। अगर साफ-सफाई का ध्यान नहीं दिया गया तो गर्मी के मौसम में आपका खान-पान आपकी सेहत को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है।


लेटेस्ट सामग्रीयों की अधिकतम रेंज के साथ..
प्रो. पियुष सिंह बैस
फैशन फैक्ट्री
For Boys & Girls
वॉच, बेल्ट, कैप, फैशनेबल मफलर, मंकी कैप, गॉगल्स (सन ग्लास), इरींग, चैन, की चैन, वॉलेट, परफ्यूम, फैंसी लायटर..
मेन रोड, महावीर चौक, ब्यूटी कॉर्नर के सामने, बालाघाट (म.प्र.) मो.8827333882


## मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर फिसली

## तीन युवक घायल..







जगप्रेरणा लांजी।

***वनांचल क्षेत्र के ग्राम केराटोला के समीप शनिवार 9 मई को एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई, जिससे उस पर सवार तीन युवक गिरकर घायल हो गए। घटना सुबह लगभग 11.30 बजे की बताई जा रही है।***

दुर्घटना के बाद आसपास मौजूद राहगीरों ने तुरंत 108 एम्बुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायलों को सिविल अस्पताल लांजी लाकर भर्ती कराया गया। अस्पताल में तीनों का उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार घायल युवक ईंट बनाने का काम करते हैं। तीन-चार दिनों से मौसम खराब होने के कारण उनका काम बंद था। इसके चलते वे लांजी से अपने गांव दमोह की ओर एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि तीनों शराब के नशे में थे, जिसके कारण ग्राम केराटोला के पास मोटरसाइकिल चालक का नियंत्रण वाहन से हट गया और बाइक सड़क पर फिसल गई। घटना में घायल युवकों की पहचान नरेंद्र कुमार खुसरे, निवासी केंडाटोला बिरसा, नान्हू मेरावी, निवासी दमोह, और साहिल धुर्वे, निवासी छापरटोला दमोह के रूप में हुई है। बताया गया है कि गिरने के बाद तीनों को गंभीर चोटें आईं, जिसके चलते उन्हें तत्काल सिविल अस्पताल पहुंचाया गया।

फिलहाल सिविल अस्पताल लांजी में चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि तेज रफ्तार और नशे की हालत में वाहन चलाना इस दुर्घटना की प्रमुख वजह रही।

## गोरखपुर में शादी समारोह में विवाद के बाद हिंसक झड़प, एक युवक की मौत..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)



उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह उस समय मातम में बदल गया, जब डीजे पर गाने बजाने और भोजन को लेकर हुए विवाद के बाद दूल्हा और दुल्हन पक्ष के लोगों के बीच हिंसक झड़प हो गई। घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, घटना शुक्रवार देर रात शाहपुर थाना क्षेत्र स्थित एक मैरिज हॉल में हुई, जहां नगर निगम के एक कर्मचारी की बेटी की शादी का कार्यक्रम चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस के मुताबिक, विवाद की शुरुआत डीजे पर बज रहे गानों को लेकर हुई। बाद में रात के भोजन के दौरान स्थिति तब और बिगड़ गई, जब बारात में शामिल एक व्यक्ति ने कथित तौर पर उसे चिकन का 'लेग पीस' नहीं परोसे जाने पर आपत्ति जताई। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि लोगों ने एक-दूसरे पर पथराव किया तथा बेल्ट, बांस की लाठियों और तलवारों से हमला किया, जिससे समारोह स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस के अनुसार, इस दौरान मेहमान जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। झड़प में शाहपुर की आवास विकास कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय सुमित गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि नेपाली नामक एक अन्य युवक भी गंभीर रूप से घायल हुआ है और उसका उपचार जारी है। परिवार के सदस्यों के अनुसार, सुमित की शादी करीब तीन महीने पहले हुई थी। वह एक मोबाइल फोन की दुकान पर काम कर परिवार का भरण-पोषण करता था। पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और मैरिज हॉल के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) निमिष पाटिल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि शरीर पर किसी गहरी चोट के स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बारात में मामूली विवाद पर दो भाइयों की पिटाई, चार युवकों पर मामला दर्ज..

जगप्रेरणा लांजी।

***शादी की बारात में नाचते-कूदते समय छोटी सी बात पर चार युवकों ने दो भाइयों को बुरी तरह पीटा। हमलावरों ने हाथ में कड़ा पहन रखा था, जिससे दोनों भाइयों के सिर और माथे पर गहरी चोटें आईं। आरोपियों ने मारते-मारते जान से मारने की धमकी भी दी। मामले की रिपोर्ट थाना लांजी में दर्ज कर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है।***

घटना 8 मई 2026 की रात करीब 10 बजे ग्राम मोहझरी की है। प्रार्थी ऋषभ कामड़े (23) पुत्र संतोष कामड़े, निवासी मोहझरी ने थाने में रिपोर्ट लिखाई कि गांव की बारात में शामिल था, बारात में नाच-कूद चल रहा था। ऋषभ कामड़े और उनका छोटा भाई सौरभ कामड़े भी अन्य युवकों के साथ नाच रहे थे। इसी दौरान प्रांजल जोशी ने ऋषभ को धक्का मार दिया। ऋषभ ने भी जवाब में धक्का मारा, जिस पर दोनों में थोड़ी देर विवाद हुआ, लेकिन गांव वालों ने शांत करा दिया। कुछ देर बाद जब दोनों भाई शादी के पंडाल में खाना खाने जा रहे थे, तभी प्रांजल जोशी आवेश में आकर उनके सामने आ खड़ा हुआ। उसने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब ऋषभ ने गालियां देने से मना किया तो प्रांजल जोशी ने उन पर हमला बोल दिया।

हाथ में कड़ा पहने होने के कारण उसके मुक्कों से ऋषभ के सिर और माथे पर चोटें लग गईं। भाई बचाने आया तो उस पर भी टूट पड़े। जब छोटा भाई सौरभ बीच बचाव करने पहुंचा, तो प्रांजल का दोस्त समीर रावते ने उसे भी हाथ-मुक्कों से मारना शुरू कर दिया। समीर के हाथ में भी कड़ा था, जिससे सौरभ के सिर पर भी गहरी चोट आई।

इसी बीच प्रांजल के अन्य दोस्त दीपक अवसरे और सौरभ रावते भी दौड़कर आ गए। चारों युवकों ने मिलकर दोनों भाइयों को बुरी तरह पीटा। मारपीट करते हुए वे लगातार अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 156/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296(बी), 115(2), 351(3) और 3(5) के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## दो बच्चों के साथ नहर में कूदी महिला, बचाने के लिए पति भी कूदा, चारों की मौत..

डेस्क जगप्रेरणा।

***गुजरात के खेड़ा में एक परिवार के सभी चार लोगों की नहर में डुबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कपड़वंज के फतियाबाद के पास से गुजरने वाली नर्मदा नहर में विवाहिता ने अपनी दो बेटियों के साथ मौत की छलांग लगाई।***



विवाहिता का पति तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा और उन्हें बचाने के लिए वह भी नहर में कूद पड़ा। हालांकि, वह सफल नहीं हुआ। पति, पत्नी और दोनों बेटियां नहर के गहरे पानी में डूब गए। सूचना मिलते ही कपड़वंज फायर ब्रिगेड और आतरसुंबा पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई। अब तक दोनों बेटियों और मां के शव बाहर निकाल लिए गए हैं। पिता की तलाश अभी भी जारी है, फिलहाल उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

### दो बेटियों के साथ नहर में कूदी महिला..

मौके पर मौजूद चश्मदीद धर्मेंद्र चौहान ने कहा कि यहां जो महिला गिरी थी, वह अलरेडी बावाना मुवाडा की रहने वाली थी। वह अपने दो बेटियों के साथ नहर में गिर गई थी। सुम्बा पुलिस यहां आई और उन्होंने उसकी दो बेटियों और महिला के शवों को बाहर निकाला। कुल तीन लोगों के शव बाहर निकाले गए हैं। परिवार के मुखिया का शव अभी तक बाहर नहीं आया है और वह अभी भी नहर में ही है। यहां हमारे पास फायर ब्रिगेड की टीम मौजूद है, जो कपडो तालुका में तैनात थी और नारा से लगभग 3 किलोमीटर दूर थी।

### पिता की तलाश जारी..

चश्मदीद ने बताया कि नगरपालिका की फायर ब्रिगेड ने उस व्यक्ति को बाहर नहीं निकाला जो फतेवाड नारा से नीचे गिरा था। उन्हें तुरंत समझ नहीं आया कि क्या करना चाहिए। उन्हें तुरंत समझ न आने का कारण यह है कि कुल कितने लोग थे? कुल मिलाकर, पहले तीन लोग गिरे फिर परिवार का मुखिया भी गिर गया। यानी कुल चार लोग गिरे। इनमें से तीन लोगों के शव मिल गए हैं और उन्हें बाहर निकाल लिया गया है। परिवार का एक सदस्य अभी भी लापता है। फिलहाल, उस इलाके में बचाव कार्य जारी है। तीन लोगों के शव बाहर निकाले गए और उन्हें सुम्बा अस्पताल ले जाया गया।


दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
राकेश रोकडे सालेकसा
मो. 9049200353

## पिता का छत्र सर पर नही फिर भी..

# विपरीत परिस्थितियों मे तहसील में 83 प्रति. अंक हासिल कर तहसील मे रही प्रथम..



### सालेकसा कनिष्ठ महाविद्यालय सालेकसा की है छात्र..

### कक्षा 9 वी मे ही थी रोशनी, जब पिता का साया सर से हट गया.

प्रा.राकेश रोकड़े जगप्रेरणा सालेकसा।

***कहते परिस्थितिया किसी प्रतिभा को कमजोर नही कर सकती हर परिस्थिति में प्रतिभा आगे आकर अपना जौहर दिखाती है परिस्थिति कितना भी इंतहान क्यो ना ले पर जिसमे प्रतिभा हो वह निखरकर***

आगे आती जरूर है। इसका उदाहरण बनी सालेकसा तहसील की सालेकसा गाव से तीन किलोमीटर दूर निंबा की रहनेवाली सालेकसा कनिष्ठ महाविद्यालय सालेकसा की छात्रा कु. रोशनी गोपाल बावनकर जिसने परीक्षा मे विपरीत परिस्थितियों रहने के बावुजुद हाल ही में घोषित एच एस सी बोर्ड के परीक्षा मे घोषित नतीजे में कला शाखा में 83 प्रति. अंक हासिल कर सालेकसा तहसील में एव सालेकसा कनिष्ठ महाविद्यालय महाविद्यालय से कला शाखा में प्रथम स्थान हासिल किया है, जिसकी सफलता ने तहसील में फिर एक बार प्रतिभा का जौहर दिखाया है।



कु.रोशनी गोपाल बावनकर मुलताह सालेकसा तहसील के निंबा गाव की रहनेवाली है। यह गाव सालेकसा से लगा हुआ गाव है। रोशनी के लिये पढाई का रास्ता काफी कठीन रहा है, रोशनी कक्षा 9वी मे थी तब रोशनी के पिताजी का देहांत हो गया। तब उसे उसकी माँ, दादा, दादी, चाचा, चाची ने मदत कर उसे संभाला। रोशनी ने कक्षा दसवी की परीक्षा निंबा की ही पाठशाला से पूर्ण की थी।

रोशनी के घर में उत्पन्न के स्त्रोत के रुप अत्यंत सिमांत खेती है किंतु पिता के मुत्यु के बाद रोशनी के परिवार पर दुखो का पहाड आ गीरा फिर भी रोशनी के माँ एव उसके परिवार ने गरिबी कभी भी रोशनी के पढाई पर हावी नहीं होने दिया। माँ मजदुरी करती हैं एव अपने परिवार का पालन पोषण कर रही है। रिंकी के घर उसके दादाजी, दादी, छोटा भाई, चाचा, चाची है।

माँ अपने सिमांत खेती एव मजदुरी से पुर्ण करने के संघर्षरत रहती है. किंतु रोशनी ने कभी भी अपने परिस्थितियों को अपने पढाई के बीच नही आने दिया एवं शुरूआत से अपना पुरा ध्यान पढ़ाई पर ही रखा। दसवीं कक्षा में उसने 77 प्रति. हासिल किये थे। दसवीं कक्षा पास करने के बाद रोशनी विज्ञान शाखा से अपनी आगे की पढ़ाई करना चाहती थी किंतु स्पर्धा परीक्षा की तयारी के लीये रोशनी ने कला शाखा का चयन किया आखिर में सालेकसा कनिष्ठ महाविद्यालय सालेकसा से कला शाखा से अपनी कनिष्ठ महाविद्यालयीन शिक्षा करने का निर्णय लिया। इस बीच शिक्षको ने रोशनी के पढाई के लिए समय समय पर मार्गदर्शन भी किया। सालेकसा में प्रवेश लेने के बाद रोशनी ने अथक परिश्रम लिया एव इस बार भी अपने परिस्थितियों को अपने पढ़ाई के बीच आने नही देते हुये 83 प्रति. अंक हासिल कर सालेकसा तहसील में प्रथम स्थान हासिल किया। रोशनी का अगला लक्ष्य उच्च शिक्षा प्राप्त कर एमपीएससी परीक्षा की तयारी करना है।

उसकी इस सफलता पर संस्था के सचिव समीर सिंग बैस, कनिष्ठ महाविद्यालय सालेकसा के प्राचार्य आर बी वैद्य, सेवानिवृत्ती प्राचार्य एस आर मिश्रा, पर्यवेक्षक एस झेड बनोठे, प्रा बी एम कोरे, प्रा ए के शरनागत, एम एच चौधरी, प्रा जी बी पटले प्रा पी एम हनवते, प्रा एन सी मच्छीरके, प्रा आर आर रोकडे, प्रा आर जे बिसेन, वरिष्ठ शिक्षक जे पी मडावी, वरिष्ठ लिपिक तुषार भागवत, ग्रंथपाल राजु सूर्यवंशी के साथ साथ पाठशाला के सभी शिक्षक शिक्षकत्तर कर्मचारीयो ने ने उसे बधाई दी है।

# घरकुल लाभार्थी अफवाहों पर ध्यान न दें: तकनीकी कारणों से 'पीएम आवास' की राशि लंबित..

### नगर परिषद प्रशासन ने किया स्पष्ट..

गणेश भदाडे जगप्रेरणा आमगांव।

***प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत घरकुल की किस्त का इंतजार कर रहे लाभार्थियों के लिए आमगांव नगर परिषद प्रशासन ने महत्वपूर्ण***




सूचना जारी की है। केंद्र शासन के **SNA SPARSH** पोर्टल में तकनीकी खराबी आने के कारण फिलहाल निधि वितरण की प्रक्रिया अस्थायी रूप से प्रभावित हुई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी लाभार्थी की राशि रद्द नहीं हुई है, इसलिए नागरिक अफवाहों पर विश्वास न करें और संयम बनाए रखें।

नगर परिषद प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री आवास योजना की अनुदान राशि वितरण के लिए उपयोग किए जाने वाले **SNA SPARSH** पोर्टल का रखरखाव एवं तकनीकी सुधार कार्य केंद्र स्तर पर जारी है। पोर्टल अस्थायी रूप से बंद होने के कारण लाभार्थियों के खातों में राशि जमा होने में विलंब हो रहा है। प्रशासन ने इसे केवल तकनीकी समस्या बताते हुए कहा है कि जल्द ही समस्या का समाधान कर लिया जाएगा।

मुख्याधिकारी प्रमोद कांबळे ने बताया कि पात्र लाभार्थियों के भुगतान से संबंधित सभी प्रशासनिक और वित्तीय प्रक्रिया नगर परिषद स्तर पर पूरी कर ली गई है। जैसे ही केंद्र शासन का पोर्टल पुनः शुरू होगा, वैसे ही लाभार्थियों के खातों में किस्त की राशि तुरंत जमा कर दी जाएगी।

इसी बीच कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा 'योजना की राशि वापस चली गई', 'अनुदान बंद हो गया' अथवा 'घरकुल योजना बंद कर दी गई' जैसी भ्रामक अफवाहें फैलाने की जानकारी प्रशासन के संज्ञान में आई है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे ऐसी अप्रमाणित बातों पर विश्वास न करें तथा अधिकृत जानकारी के लिए सीधे नगर परिषद कार्यालय से संपर्क करें।

प्रशासन ने सभी लाभार्थियों से धैर्य बनाए रखने और सहयोग करने की अपील करते हुए आश्वासन दिया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मिलने वाली राशि पूरी तरह सुरक्षित है।

वहीं, भारतीय जनकल्याण फाउंडेशन की ओर से भी नागरिकों से अपील की गई है कि घरकुल योजना सहित अन्य शासकीय योजनाओं में किसी प्रकार की समस्या आने पर केवल अधिकृत कार्यालयों से जानकारी प्राप्त करें।

संस्था ने कहा है कि लोग किसी भी प्रकार की अफवाह या गलत जानकारी से गुमराह न हों और अपनी ठगी से बचाव के लिए आमगांव पुलिस स्टेशन के पास स्थित भारतीय जनकल्याण फाउंडेशन कार्यालय में संपर्क कर उचित मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।




# आश्रम स्कूल पुराडा ने कायम रखी 100 प्रतिशत परिणाम की परंपरा..



जगप्रेरणा देवरी।

***हाल ही में घोषित दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा परिणामों में शासकीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक आश्रम स्कूल पुराडा ने एक***

बार फिर 100 प्रतिशत परिणाम देकर अपनी सफलता की परंपरा कायम रखी है। विद्यालय का परिणाम लगातार शत-प्रतिशत रहा है और इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों का सम्मान प्राचार्य कमल कापसे एवं माध्यमिक शिक्षक राजू भक्ता के हस्ते पुष्पगुच्छ देकर किया गया। दसवीं कक्षा में कुल 36 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे और सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कु. कल्याणी ओमप्रकाश वल्के ने प्रथम तथा कु. राखी कैलास राठी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों विद्यार्थिनी प्राविण्य श्रेणी में उत्तीर्ण हुईं। कुल विद्यार्थियों में 19 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी तथा 15 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार बारहवीं विज्ञान शाखा का परिणाम भी 100 प्रतिशत रहा। विज्ञान शाखा में कु. शुभांगीनी शंकर हत्तीमारे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि निशांत वीरेंद्र टेंभुर्णे एवं हंसज मनोजकुमार साखरे संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे। कला शाखा में कोमल प्रभुदास मेश्राम प्रथम तथा खुशाली सावलराम आचले द्वितीय स्थान पर रहीं। परीक्षा का सफल नियोजन प्रकल्प अधिकारी उमेश काशीद के मार्गदर्शन में किया गया। सफल विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट परिणाम का श्रेय प्राचार्य कमल कापसे सहित विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारियों को दिया। विद्यार्थियों की इस सफलता पर विधायक संजय पुराम, पूर्व जिला परिषद सभापति सौ. सविताताई पुराम, पंचायत समिति सदस्या सौ. वैशालीताई पंधरे, सौ. ममताताई अंबादे, सरपंच लक्ष्मीशंकर मरकाम, सरपंच दिलीप जुडा, पुलिस पाटील सुभाष अंबादे, मदनगोपाल नदनवार सहित ग्रामवासियों, पालकों तथा स्कूल प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# संत जयरामदास विद्यालय की 'चैताली' तालुका में चमकीं, 93.40 प्रतिशत के साथ दूसरे नंबर पर आने का सम्मान..

### ठाणा की लड़की चैताली महारवाडे की उड़ान आसमान छू रही है, स्कूल के सिर पर सम्मान का ताज..



जगप्रेरणा आमगांव।

***महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एंड हायर सेकेंडरी एजुकेशन द्वारा घोषित 10वीं क्लास के नतीजे के बाद***

हर जगह उत्साह का माहौल है। इसमें आमगांव तालुका के ठाणा में संत जयरामदास विद्यालय और जूनियर कॉलेज की छात्रा सुश्री चैताली सुभाष महारावाडे ने अपनी शानदार सफ्लता से तालुका का ध्यान खींचा है। चैताली ने 10वीं क्लास की परीक्षा में 93.40 प्रतिशत अंक लाकर न सिर्फ स्कूल में फर्स्ट आने का सम्मान हासिल किया है, बल्कि पूरे आमगाव तहसील में दूसरा स्थान हासिल करके अपनी मेधा का परिचय भी दिया है। यह सफलता ग्रामीण इलाकों के छात्रो के लिए प्रेरणा देने वाली रही है।

संस्था अध्यक्ष संजय महादेवराव शिवणकर ने इस ऐतिहासिक सफलता के लिए चैताली की खास तौर पर तारीफ की। 'चैताली ने साबित कर दिया है कि अगर गांव के इलाकों में क्वालिटी को सही दिशा दी जाए, तो वह ग्लोबल लेवल पर चमक सकती है,' उन्होंने अपनी खुशी इन शब्दों में ज़ाहिर की।

स्कूल के प्रिंसिपल सी. जी. पाऊलझगडे की मार्गदर्शन में, सभी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी ने चैताली को उसकी सफलता पर बधाई दी। स्कूल ने उसे प्यार से बधाई दी और उसके उज्वल भविष्य की पढ़ाई के लिए बधाई दी।

ठाणा गांव की छात्रा के तहसील में दूसरा स्थान पाने पर पूरे गांव में खुशी का माहौल है, और गांव वाले चैताली और उसके माता-पिता को बधाई दे रहे हैं। कहा जा रहा है कि इस सफलता में उसकी लगातार कड़ी मेहनत और शिक्षक की सही मार्गदर्शन का हाथ है।

# किरसान्स मिशन स्कूल एवं ज्यु. कॉलेज, गोरेगांव का शानदार एस. एस. सी. बोर्ड परीक्षा परिणाम 2025-26..

जगप्रेरणा गोरेगांव।

***स्थानीय किरसान्स मिशन स्कूल एवं ज्यु. कॉलेज, गोरेगाव ने एस.एस.सी. बोर्ड परीक्षा 2025-26 में शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।***



जान्हवी एम. चौरेवार



यथार्थ एस. राहुलकर



हिमानी डी. मंडलवार

विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल है। विद्यालय की छात्रा कु. जान्हवी एम. चौरेवार ने 94.40 प्रति. अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं यथार्थ एस. राहुलकर ने 91.20 प्रति. अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा कु. हिमानी डी. मंडलवार ने 86.00प्रति. अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अन्य सफल विद्यार्थियों में वेदांत ई . साठवणे (83.20प्रति.), आदर्श ए. बोमले (83.20प्रति.), छबील ओ. मेश्राम (81.60 प्रति.), कु. नुपूर वाय. किरसान (77.60 प्रति.), सुजल आर. भैसारे (74.60 प्रति.) तथा तनिष्क एन. कात्रे (72.20 प्रति.) का समावेश है। इस शानदार सफलता पर श्री दुष्यन्त किरसान सर (एक्सिक्यूटिव डायरेक्टर, गुरुदेव आदिवासी प्रसारक मंडळ, गोविंदपुर), सौ. सीमा किरसान मॅम (मैनेजिंग डायरेक्टर, किरसान्स इंटरनॅशनल पब्लिक स्कूल, गणखैरा), प्राचार्या श्रीमती कविता एच. येडे मॅम तथा सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने विद्यार्थियों का अभिनंदन किया।

विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि को विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं संस्थान के समर्पण का परिणाम बताया। सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं दी गईं।

# पी.एम. श्री जिला परिषद हाईस्कूल देवरी का लगातार 100प्रति. परिणाम, आशुतोष तागडे विद्यालय में प्रथम



भुवन टी. वाडगुरे



आशुतोष एच. तागडे



वेदिका डी. ताराम



सार्थक एस. राउत

जगप्रेरणा देवरी।

***यहाँ के पी.एम. श्री जिला परिषद हाईस्कूल ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 की कक्षा 10वीं (SSC) बोर्ड परीक्षा में अपनी सफलता की परंपरा को बरकरार रखा है। विद्यालय का परिणाम100 प्रतिशत रहा है,***

और ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी गुणवत्ता का परचम लहराया है। सफलता के आंकड़े इस वर्ष स्कूल से कुल 69 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे और सभी 69 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। परिणाम की विशेषता यह है कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने बेहतर श्रेणियों में सफलता प्राप्त की हैः

विशेष योग्यता(**Distinction**) 22 विद्यार्थी, प्रथम श्रेणी, 24 विद्यार्थी, द्वितीय श्रेणी 23 विद्यार्थी। मेधावी छात्रों का शानदार प्रदर्शन विद्यार्थियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। इसमें आशुतोष एच. तागडे ने 94.60 प्रति. अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। भुवन टी. वाडगुरे ने 91.00प्रति. अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि सार्थक एस. राउत और वेदिका डी. ताराम दोनों ने 90.40 प्रति. अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया।

प्रशंसा की वर्षा स्कूल की इस शानदार सफलता पर प्रधानाध्यापक, सभी शिक्षक वृंद और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की हर जगह सराहना हो रही है। जिला परिषद प्रशासन ने भी स्कूल के इस प्रदर्शन पर संज्ञान लिया है।

### बोले प्रधानाध्यापक विलास खंडाईत..

विद्यार्थियों द्वारा किया गया कठिन परिश्रम, अभिभावकों का सहयोग और शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन के कारण ही हम 100 प्रतिशत परिणाम की परंपरा को बनाए रख सके। सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई।

इस सफलता के लिए सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को हर स्तर से बधाइयाँ मिल रही हैं, और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दी जा रही हैं।

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### लोहे के शेड मे रस्सी बांधकर लगाई फांसी, मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के शहर पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 8/5/2026 के रात गौतमनगर मे मनोहर बुधराम कोरे उम्र 58 वर्ष निवासी गौतमनगर ने अँटो रखने के लिये बनाये स्टँड मे लोहे के एंगल को रस्सी बांधकर फासी लगाई है। फर्यादी के दि ये बयान पर पोस्टे गोंदिया शहर मे अकस्मात मौत क्रमांक 25/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा उमेश खोब्रागडे कर रहे है।

### जानवर बांधने की बात पर हुई मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 8/5/2026 के सुबह 8 बजे के दरम्यान कटंगटोला मे फर्यादी मनोज भोजराज डहारे उम्र 37 वर्ष निवासी कटंगटोला और आरोपी रिश्तेदार होकर 15 दिन पहले आरोपी की भैस ने फर्यादी की गाय को मारी थी। जिससे गाय बिमार होकर मर गई, उसके बाद आरोपी से कहा तु अपने जानवर दुर बांध कर रख इस बात पर दोनो आरोपी ने कहा हम हमारी जगह पर बांधते है बोलकर गलीगलौच की और लकडी से हाथ पैर पर मारकर जख्मी किया फर्यादी के पिता बीच बचाव करने आये तो आरोपी ने उन्हे भी मारपीट करने से दिये शिकायत पर पोस्टे 268/2026 धारा 118,1,352,3,5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाच पोहवा बहेकार 80 पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

### बीमारी से तंग आकर युवक ने लगाई फांसी, मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 8/5/2026 के 6 बजे के दरम्यान मुंडीपार खेत मे घनश्याम बेलीराम राऊत उम्र 41 वर्ष निवासी मुंडीपार पिछले 1 वर्ष से कँसर बिमारी से परेशान था। घटना के समय खेत मे पलसे के झाड को नायलॉन रस्सी बांधकर फांसी लगाई है। फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे गोरेगाव मे अकस्मात मौत क्रमांक 12/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच सफौ धारणे 332 पोस्टे गोरेगाव कर रहे है।

### छत से शादी समारोह देख रहे घर मे चोरी, मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के गंगाझरी पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार 6/5/2026 के रात 8 बजे के दरम्यान फर्यादी विलेश लालचंद ठाकरे उम्र 28 वर्ष निवासी बेरडीपार अपने घर के सामने शादी समारोह मे थे। मा पिताजी घर की गच्ची से शादी देख रहे थे उसी दरम्यान अज्ञात चोर ने मकान मे प्रवेश कर अलमारी से सोने के झुमके किमत 25 हजार रुपये, सोने की नथ किमत 7 हजार रुपये, सोने का पँडंट और मणी किमत 35 हजार रुपये, चांदी की पायल किमत 2 हजार रुपये, सौदी अरेबिया चलन, कुवैत देश के चलन 5 कँडी कुल 69000 हजार रुपये का माल चुराकर ले जाने से अज्ञात चोर के खिलाफपोस्टे गंगाझरी मे अपराध क्रमांक 238/2026 धारा 305, अ, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाच पोहवा राकेश भुरे 1427 पोस्टे गंगाझरी कर रहे है।

जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा

● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

## महापुरुषों का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं, आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले आरोपी पर 'एट्रोसिटी' लगाने की मांग..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***सोशल मीडिया पर संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला अब गरमाता जा रहा है। आज गोंदिया स्थित शासकीय विश्राम गृह (रेस्ट हाउस) में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के***

माध्यम से सामाजिक संगठनों ने आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रमुख रुप से विश्वजित डोंगरे, अजित मेश्राम, व्यंकट खोब्रागडे, धनंजय वैद्य, हितेश डोंगरे, राजेश नंदागवळी, किशोर मेश्राम, अतुल सतदेवे, हिरालाल डोंगरे, शैलेश जांभुळकर, सलीम पठाण, प्रफुल शेंडे, बिंबिसार शहारे एवं अनेक लोग उपस्थित थे।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोले संगठन नेता..

प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित उपरोक्त नेताओं ने कहा कि आरोपी पर केवल साधारण धाराएं न लगाकर एट्रोसिटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जाए, क्योंकि इस कृत्य से पूरे समाज की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। इसी प्रकार उन्होंने पोस्ट को लाइक करने वाले और उस पर आपत्तिजनक कमेंट करने वाले लोगों को भी सह-आरोपी बनाये जाने की मांग की, और उन पर भी कानूनी कार्रवाई की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि समाज में शांति भंग करने और महापुरुषों का अपमान करने वालों के लिए यह एक नजीर बननी चाहिए ताकि भविष्य में कोई ऐसी हिम्मत न करे। यदि हमारी मांग के अनुरुप कार्यवाही नहीं हुई तो 8 दिन बाद हम सडक पर उतरेंगे जो भी अंजाम होगा उसके लिये सरकार

**गौरतलब है कि प्राप्त जानकारी के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते हुए जब डुग्गीपार पुलिस ने जांच शुरू की, तो एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ। डॉ. आंबेडकर के खिलाफ पोस्ट 'दिनेश ब्राम्हणकर' नामक फेसबुक आईडी से वायरल की गई थी, लेकिन पुलिस तफ्तीश में पता चला कि यह आईडी पूरी तरह फर्जी थी। तकनीकी जांच के बाद पुलिस ने असली अपराधी गौरेश बावनकर (उम्र 43 वर्ष, निवासी कोसमतोंडी) को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी वर्तमान में भंडारा जेल में बंद है।**

## प्रोग्रेसिव्ह इंग्लिश हायस्कूल का कक्षा 10 वी का परीक्षा परिणाम पुनः रहा शत् प्रतिशत..




जगप्रेरणा गोंदिया।

***महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षण मंडळ, पुणे द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के दसवी कक्षा के परीक्षा परिणाम हाल ही में घोषित हुए। श्रीमती उमाबाई बहुउद्देशीय शिक्षण संस्था द्वारा संचालित व***

स्टेट बोर्ड से संलिग्नत प्रोग्रेसिव्ह इंग्लिश हॉयस्कूल ने इस वर्ष भी पुनः शत् प्रतिशत परीक्षा परिणाम अर्जित किया। विद्यालय की प्रतिभावान छात्रा कु. त्रिष्णा पटले 96.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान पर रही।

द्वितीय स्थान पर कु. अनुष्का गायधने 96.20 प्रतिशत और कु. श्रेया नागपुरे 96.20 प्रतिशत व मा. श्रौर्य तुरकर 91.80 प्रतिशत लेकर तृतीय स्थान पर सफलता प्राप्त की। इसी क्रम में कु. निधी सुर्यवंशी 91.40 प्रतिशत, कु. आस्था यादव 91.20 प्रतिशत, मा. युश पटले 90.80 प्रतिशत, कु. सायली तुरकर 90.60 प्रतिशत, कु. वेदिका वटेट्टीवार 89.00 प्रतिशत, मा. युगल ठाकुर 88.60 प्रतिशत, मा. चैतन्य देशकर 88.20 प्रतिशत, मा. नाविन्य गबाडे 88.00 प्रतिशत, मा. अंश फये 87.60 प्रतिशत, मा. सोहम देशकर 87.00 प्रतिशत, कु. डिम्पी राठोड 87.00 प्रतिशत, मा. पार्थ मेश्राम 86.80 प्रतिशत, मा. जीत गायधने 86.20 प्रतिशत, मा. मयंक खंडारे 85.40 प्रतिशत, कु. अक्षरा पडोरे 85.00 प्रतिशत, कु. यादवी अवचट 84.60 प्रतिशत, मा. शांतनु कांगाले 84.20 प्रतिशत, मा. रौनक तावाडे 83.60 प्रतिशत, कु. दिशा बन्सोड 83.00 प्रतिशत, कु. मानसी ठाकरे 82.00 प्रतिशत, कु. कावेरी बिसेन 81.40 प्रतिशत, मा. कृष्णा बिसेन 80.80 प्रतिशत, मा. रोहन चाचेरे 80.60 प्रतिशत, कु. वैष्णवी नायक 80.00 प्रतिशत, मा. डॉलिनी बावनकर 80.00 प्रतिशत, मा. मंथन ईश्वर 80.00 प्रतिशत अंको के साथ प्रविण्य सूची में रहे।

**विद्यार्थीयो की इस सफलता पर संस्थाध्यक्ष डॉ. पंकज कटकवार, संस्था उपाध्यक्ष श्रीमती अल्का पी. कटकवार, सचिव डॉ. निरज कटकवार, श्रीमती लीना एन. कटकवार, प्राचार्या श्रीमती कुमुदीनी तावाडे, ओ.टी. रहांगडाले, कुलदीप भौतिक विकास पटले, सुनिल कटरे, महेश पटले, रितेश येडे, पुजा अग्रवाल, ममता धर्मकर, रितेश गजभिये, सुशील मेश्राम, दुर्गा रामटेक्कर, मुकेश बिसेन ने सभी सफल विद्याथीयों को बधाई दी।**

## राजलक्ष्मी चौक पर पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन के हस्ते किया गया विकास कार्य का भूमिपूजन..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***सांसद प्रफुल पटेल के प्रयासों से स्वीकृत सांसद विकास निधि के अंतर्गत गोंदिया शहर के राजलक्ष्मी चौक क्षेत्र में गट्टू निर्माण कार्य का भूमिपूजन पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन के हस्ते आज उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।***

भूमिपूजन के अवसर पर श्री राजेंद्र जैन ने कहा कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, शहर के विकास और प्रगति के सांसद प्रफुल पटेल के नेतृत्व में हम प्रतिबद्ध हैं।

इस अवसर पर श्री राजेंद्र जैन, श्री सचिन शेंडे, श्री संजीव राय, श्री चंद्रकुमार चुटे, श्री मयूर जडेजा, श्री राजू एन. जैन, श्री लखन बहेलिया, श्री नागो बन्सोड, श्री आनंद अग्रवाल, श्री अजय गौर, श्री संदीप मेश्राम, श्री भोजराज धामेचा, श्री मनोज भोयर, श्री रशीद पटेल, श्री चंदू कनोजिया, श्री आशीष धार्मिक, श्री श्रेयश खोब्रागडे सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## रापेवाड़ा क्षेत्र में बेमौसम बारिश का कहर, जिला परिषद सदस्य संजय टेंभरे ने किया निरीक्षण..

### उपविभागीय अधिकारी और नायब तहसीलदार को दी जानकारी, तत्काल प्रभाव से शुरू होगा नुकसान का पंचनामा..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***पिछले दो दिनों से गोंदिया, गोरेगांव और तिरोड़ा क्षेत्र के गांवों में आए चक्रवात तूफान और भारी बारिश से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। कई लोगों के घरों की छतें उड़ गई, वहीं धान और आम की फसलों को भी बड़ा नुकसान पहुंचा है। आए चकव्रात के***

बाद 8 मई को जिला परिषद सदस्य संजय टेंभरे ने रापेवाड़ा ग्राम का दौरा किया। उन्होंने तुरंत उपविभागीय अधिकारियों समेत अन्य विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को हुए नुकसान की जानकारी देकर नुकसान का पंचनामा कर सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। जि.प. सदस्य संजय टेंभरे ने बताया कि पिछले दो दिनों से गोंदिया, गोरेगांव और तिरोड़ा क्षेत्र के गांवों में चकव्रात के कारण लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। रापेवाड़ा में भी आपदा में कई घरों की छतें उड़ गई तथा खेतों में धान, आम और अन्य फसलें बुरी तरह प्रभावित हुईं। तेज हवाओं के कारण बिजली के खंभे भी गिर गए, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। जिसके बाद उन्होंने तुरंत उप विभागीय अधिकारी, नायब तहसीलदार और तलाठी को जानकारी देकर नुकसान का पंचनामा करने की मांग की, तथा बताया कि रापेवाड़ा क्षेत्र में हुए नुकसान का पंचनामा 9 मई से शुरू किया जाएगा। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से मांग की कि केवल औपचारिकता पूरी न की जाए, बल्कि नुकसानग्रस्त लोगों को ठोस सहायता प्रदान की जाए।

## विश्व रेडक्रॉस दिवस पर ध्वज वंदन के साथ सक्षम द्वारा की गई दिव्यांग सामग्री वितरित..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी गोंदिया जिला द्वारा 8 मई2026 विश्व रेडक्रॉस दिवस पर जिला कार्यालय में प्रमुख अतिथी उपाध्यक्ष डॉ श्री कुसुमाकर घोरपडे, डीन मेडिकल कॉलेज गोंदिया व वाईस चेयरमैन सीताराम अग्रवाल, मानद सचिव रवि कासलीवाल, विनोद जैन***

के करकमलों से संस्थापक हेनरी डुनाल्ट व भारत माता के तैलचित्र को माल्यार्पण किया गया। उपस्थित अतिथीगण ने रेडक्रॉस ध्वज वंदन कर राष्ट्रीय गीत और वंदेमातरम व महाराष्ट्र गीत का गायन किया। अदानी पावर के सुहास वाकोडकर, विवेक मंदिर स्कुल के आशिष चौहान, शिक्षाविद सुषमा यदुवंशी ने अपने संबोधन मे रेडक्रॉस की परियोजनाओं की जानकारी दी। अतिथीगण डॉ घोरपडे सर ने सिकलसेल व टी.बी.रोग जनजागृती व रोक थाम के उपाय सुझाए। मंच संचालन कोषाध्यक्ष नरेश गुप्ता व आभार प्रदर्शन राजेश दवे ने किया।

एक अन्य कार्यक्रम का आयोजन सक्षम कार्यालय में किया गया। प्रमुख अतिथी डॉ लीना धांडे, बाल रोग विभाग प्रमुख, मेडिकल कॉलेज गोंदिया, श्रीमती संगीता गुप्ता, नगर परिषद पार्षद, प्रभाकर राव, डॉ पारधी, डॉ कुलकर्णी, डॉ,.कल्पना घोषाल, गाडेकर जी, हत्तींमारे जी व अन्य की उपस्थित में केंद्र को व्हील चेयर, वॉकर और स्टीक प्रदान की गई। सक्षम के कार्यक्रम की सभी ने प्रशंसा की। डॉ धांडे,डीन डॉ घोरपडे व पार्षद संगीता गुप्ता ने दिव्यांग सेवा मे शासन व नगर परिषद के हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। मानद सचिव रवि कासलीवाल ने रेडक्रॉस परिवार की ओर से सभी का अभिनंदन किया। इस अवसर पर डॉ प्रकाश धोटे, ललित जीवानी, रीता अरोरा, पुष्पक जसानी, अजय दुबे, सुशील अग्रवाल, संजय यादव, राकेश बिसेन, कैलास कनोजिया इत्यादीं लोगो ने सराहनीय योगदान दिया।

**- सूचना -**

यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नही मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 9860558902 पर संपर्क करें।

TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
■ (IUI) आय.यू.आय.
■ अधिक उम्र में मातृत्व
■ ओव्हम डोनेशन द्वारा
■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
■ शुक्राणु बैंक सुविधा
■ सोनोग्राफी
■ हार्मोस की जांच
■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज
■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

SONO VIEW
SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN
MRI CENTER
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
● M.R.I.
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन व एम.आर.आई. क्लिनिक
तुरकर SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN, M.R.I. क्लिनिक
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182 - 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com
SONOGRAPHY C.T./M.R.I.

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com